शनिवार

01 जून 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




शिक्षकों की छुट्टी से नाराज बताए जाते हैं नीतीश कुमार 2



# अंतिम पड़ाव पर पहुंचा लोकसभा चुनाव, आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीटों पर वोटिंग आज

- 10 करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव में उतरे 904 उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सातवें और अंतिम दौर में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीटों पर 1 जून को वोटिंग है। इस दौर में आठ प्रदेशों के 10 करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव मैदान में उतरे 904 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसके साथ ही बीते ढाई महीने से चल रही चुनाव की प्रक्रिया अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच जाएगी और सभी को 4 जून का इंतजार रहेगा, जब नतीजे आएंगे। सातवें चरण में 904 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी। 904 में से सबसे ज्यादा 328 उम्मीदवार पंजाब से हैं। जहां की सभी 13 सीटों पर चुनाव होना है। दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश की कुल 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सबसे कम चंडीगढ़ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार उतरे हैं। सातवें चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13-13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4 और झारखंड की तीन सीटें शामिल हैं। इसी के साथ ही चंडीगढ़ की एकमात्र सीट पर इसी चरण में मतदान होगा। इन 57 लोकसभा क्षेत्रों से 904 उम्मीदवार मैदान में हैं। खास बात यह है कि इस चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अजय राय को उतारा है। पीएम मोदी तीसरी बार इस सीट के चुनाव लड़ रहे हैं।

**57 सीटों पर कितने उम्मीदवार हैं?**

पंजाब से 328 और उत्तर प्रदेश से 144 उम्मीदवार क्रमशः 13-13 सीटों के लिए चुनाव मैदान में हैं। बिहार की आठ सीटों पर 134 उम्मीदवार, ओडिशा की छह सीटों पर 66 उम्मीदवार, झारखंड की तीन सीटों पर 52 उम्मीदवार, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37 उम्मीदवार और चंडीगढ़ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

## 904 में से सबसे ज्यादा 328 उम्मीदवार पंजाब से



## इन 57 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

उत्तर प्रदेश की 13 सीटों मे वाराणसी, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर,देवरिया,बांसगांव, घोसी, गाजीपुर, बलिया, सलेमपुर, चंदौली, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज में मतदान होगा। वहीं पंजाब की सभी 13 सीटों में गुरदासपुर, अमृतसर,खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला में एक जून को मतदान होगा। बिहार में आरा, बक्सर, काराकाट, जहानाबाद, नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, सासाराम सीट, पश्चिम बंगाल की 9 सीटें, बारासात, बशीरहाट, डायमंड हार्बर, दम दम, जयनगर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर, मथुरापुर में मतदान होना है। चंडीगढ़ की एकमात्र सीट चंडीगढ़ में, वहीं, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटें, मंडी, शिमला, कांगड़ा और हमीरपुर, ओडिशा की 6 सीटें, बालासोर, भद्रक,जाजपुर, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा और मयूरभंज, झारखंड की तीन सीटें, दुमका, गोड्डा और राजमहल निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होगा।

## इस बार इन खास चेहरों पर रहेगी सबकी नजर

**पीएम नरेंद्र मोदी- अजय राय:** वाराणसी 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। कांग्रेस पार्टी ने तीसरी बार अजय राय को वाराणसी से मैदान में उतारा है. राय पहले भाजपा का हिस्सा थे लेकिन 2007 में उन्होंने पार्टी का दामन छोड़ दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव में राय ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**मीसा भारती (राजद):** राजद ने बिहार के पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती को मैदान में उतारा है। इनके खिलाफ भाजपा उम्मीदवार राम कृपाल यादव मैदान में हैं। वह इसके पहले चुनाव में भी मीसा को हरा चुके हैं।

**अभिषेक बनर्जी (टीएमसी):** ममता बनर्जी की टीएमसी पार्टी ने पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र से सुप्रीमो के भतीजे अभिषेक बनर्जी को मैदान में उतारा है। डायमंड हार्बर तृणमूल कांग्रेस के लिए एक रणनीतिक गढ़ के रूप में माना जाता रहा है।

### दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके में हुई घटना में पांच लोग घायल

# बंगाल में हिंसा... आईएसएफ के समर्थकों ने टीएमसी के कार्यकताओं पर फेंका बम

- आईएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों को नकारा
- नावेद ने उल्टा टीएमसी कार्यकताओं पर आईएसएफ समर्थकों पर बम से हमला करने का लगाया आरोप

**एजेंसी/कोलकाता**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले बंगाल में हिंसा हुई है। दरअसल इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थकों ने टीएमसी कार्यकताओं पर बम फेंक दिया। जिसके विस्फोट से पांच टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घटना दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके की है। बंगाल पुलिस ने शुक्रवार की इसकी जानकारी दी। हालांकि भानगोर से आईएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है। नावेद सिद्दीकी ने उल्टा टीएमसी कार्यकताओं पर आईएसएफ समर्थकों पर बम से हमला करने का आरोप लगाया। आईएसएफ विधायक ने कहा कि हमले में खुद टीएमसी के कार्यकर्ता घायल हो गए। भानगोर विधानसभा, जादवपुर लोकसभा सीट के तहत आती है और यहां अंतिम चरण के तहत 1 जून को मतदान होना है। घटना गुरुवार रात की है, जब टीएमसी कार्यकर्ता कथित तौर पर चुनाव प्रचार के बाद अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान उन पर हमला हुआ। घायलों को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंगाल सरकार के मंत्री अरूप बिस्वास, जादवपुर से टीएमसी उम्मीदवार सयानी घोष और पार्टी के विधायक शौकत मोल्ला ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की।

आईएसएफ नेता सिद्दीकी ने आरोपों को यह कहकर खारिज कर दिया कि भानगोर में हार के डर से टीएमसी ने साजिश रची है और उनकी कोशिश है कि इसका आरोप हम पर लगाया जाए। कल शौकत मोल्ला के समर्थकों ने आईएसएफ कार्यकताओं पर बम फेंका। वहीं चुनाव आयोग ने भी टीएमसी नेता शौकत मोल्ला को मतदान के दिन अपने विधानसभा क्षेत्र कैनिंग पूर्व से बाहर न जाने का आदेश दिया है।



## बंगाल की राजनीति में नई पार्टी है आईएसएफ

आईएसएफ पार्टी की स्थापना साल 2021 में अब्बास सिद्दीकी ने की थी। वहीं अब्बास सिद्दीकी के छोटे भाई नौशाद सिद्दीकी आईएसएफ के चेयरमैन हैं। अब्बास सिद्दीकी अली अकबर के बेटे हैं। अली अकबर फुरफुरा शरीफ छठो हुजूर के नाम से प्रसिद्ध पीर जुल्फिकार अली के बेटे हैं। यही वजह है कि बंगाल में सिद्दीकी परिवार की काफी इज्जत है। बंगाल का सिद्दीकी परिवार कभी टीएमसी समर्थक था, लेकिन अपनी पार्टी बनाने के बाद से आईएसएफ का टीएमसी के साथ तनातनी का रिश्ता बन गया है। आईएसएफ बंगाल में टीएमसी और भाजपा दोनों का विरोध करती है। पार्टी विधायक नौशाद सिद्दीकी को सीएम ममता बनर्जी का आलोचक माना जाता है।

## मतगणना के बाद भी बंगाल में तैनात रहेगा सेंट्रल फोर्स

**कोलकाता।** पश्चिम में लोकसभा चुनाव के दौरान सर्वाधिक संख्या में केंद्रीय बल की तैनाती की गई है। शनिवार, 1 जून को सातवें और अंतिम चरण का मतदान है। 4 जून को मतों की गणना होगी, लेकिन चार जून के बाद भी राज्य में सेंट्रल फोर्स के जवान तैनात रहेंगे। चुनाव बाद हिंसा से बचने के लिए राज्य में 400 कंपनी बल तैनात किए जाएंगे। विपक्ष की मांग के मद्देनजर चुनाव आयोग इतनी बड़ी संख्या में बलों की तैनाती कर रहा है। राज्य में छह जून तक फोर्स रहेगी यानी नतीजे घोषित होने के दो दिन बाद तक फोर्स रहेगी। 2021 के विधानसभा चुनावों की यादें अभी भी ताजा हैं। उस वक्त वोटिंग बंगाल में एक के बाद एक हिंसा के आरोप लग रहे थे। विपक्ष का आरोप है कि मतदान खत्म होने पार्टी कार्यकताओं पर हमले हुए थे। कलकत्ता हाई कोर्ट में केस भी दायर किया गया था। हाईकोर्ट ने चुनाव बाद हिंसा की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव और नगरपालिका चुनाव में भी जमकर हिंसा हुई थी। चुनाव के दौरान हिंसा को ध्यान में रखते हुए इस बार राज्य में सर्वाधिक संख्या में केंद्रीय बल की तैनाती की गई थी। अब चुनाव के बाद भी केंद्रीय बल राज्य में रहेंगे।

# पटना और नोएडा में एसी में ब्लास्ट के बाद घर में लगी आग, बाल-बाल बची जान


**एजेंसी/नई दिल्ली**

पटना सिटी के काटी फैक्ट्री रोड में शुक्रवार देर शाम एक घर में अचानक एयर कंडीशन में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होते ही पूरे घर में धुआं भर गया और आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग काबू पाया। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर में सिर्फ एक बुजुर्ग महिला रहती हैं। इनके दो बेटे विदेश में रहते हैं। एसी में ब्लास्ट होने के बाद कमरे में धुआं फैल गया था। रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला गया। आगजनी की घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

वहीं नोएडा के सेक्टर 63 स्थित एक ऑफिस में शुक्रवार को एसी में ब्लास्ट हो गया। एसी के फटने से बिल्डिंग में आग लग गई। आगजनी के कारण मौके पर कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना फिलहाल नहीं है। इसी तरह की घटना गुरुवार को नोएडा के सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसाइटी में घटी थी, यहां भी एसी फट गया था। नोएडा फायर पुलिस के अधिकारी ने बताया कि इस गर्मी में 10 से 12 एसी फटने की सूचनाएं मिली हैं। घर से लेकर दफ्तरों तक में हादसे हुए हैं। बता दें कि नोएडा सहित देशभर में एसी से आग लगने की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। गर्मी से राहत के लिए घरों व दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है। मगर यही एसी घर या दफ्तर में आग लगने का कारण भी बन रहे हैं।

**25 मई को चाइल्ड पीजीआई आवासीय परिसर में एसी हुआ था ब्लास्ट:** 25 मई को नोएडा के सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल के आवासीय परिसर के आठवीं मंजिल पर फ्लैट में लगा ऐसी तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ था। इसके बाद फ्लैट में आग लग गई। एसी में ब्लास्ट होने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। समय रहते गार्डों ने आग पर काबू पा लिया।

**गर्मी और तार कमजोर होने की वजह से फाल्ट हो रहे:** अधीक्षक अभियंता प्रथम संजीव कुमार वैश्य ने बताया कि कमजोर तार पर अधिक लोड होने से एसी के अंदर फाल्ट होने की संभावना ज्यादा होती है। इसके अलावा गर्मी ज्यादा होने व कंप्रेशर छांव में नहीं होने की वजह से गर्म हो रहे हैं। यही कारण है इन दिनों ऐसी में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।



## ऐसे बरतें सावधानी

घर या दफ्तर की वायरिंग कराते समय हमेशा ब्रांडेड वायर डलवाएं। एसी बगैर स्टैबलाइजर के नहीं चलाएं।

एसी का कम्प्रेशर किसी छांव वाली जगह पर लगवाएं।

गर्मी की शुरूआत में ही एसी की सर्विस जरूर कराएं।

अगर एसी से किसी तरह की आवाज आए या स्पार्क करे तो तुरंत जांच कराएं।

एसी को लगातार न चलाएं, कोशिश करें कि 5-6 घंटे एसी चलाने के बाद उसे कुछ देर बंद कर दें।

# दक्षिण पश्चिम मानसून छह दिन पहले पश्चिम बंगाल पहुंचा, होने लगी बारिश

**एजेंसी/कोलकाता**

दक्षिण पश्चिम मानसून छह दिन पहले शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पहुंच गया है। जिसके कारण यहां बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि मानसून ने इस क्षेत्र के कई हिस्सों को अपनी जद मे ले लिया है। मानसून के पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र में 5 जून और राज्य के दक्षिणी हिस्से में लगभग 9 जून तक पहुंचने का अनुमान था। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मानसून के राज्य में जल्दी पहुंचने का कारण रेमल साइक्लोन हो सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि पश्चिमी बंगाल के उप हिमालयी क्षेत्र के कूचबिहार, जलपैगुरी, अलीपुरद्वार, कलिम्पोंग और दार्जिलिंग जिलों में अगले पांच दिनों में भारी बारिश की संभावना है। शुक्रवार को उत्तरी बंगाल के जिन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा बारिश हुई उनमें अलीपुरद्वार , जलपैगुरी, कूच बिहार आदि हैं।

# पटना में बैंक के लॉकर से दो करोड़ रुपए का सोना गायब, संदेह के घेरे में मैनेजर से लेकर सफाई कर्मी

**केटी न्यूज/पटना**

शेखपुरा में बैंक के लॉकर में करीब दो करोड़ रुपए का सोना गायब होने के बाद हड़कंप मच गया है। दो करोड़ का सोना गायब होने के इस मामले में बैंक मैनेजर से लेकर सफाई कर्मी तक संदेह के घेरे में हैं। पुलिस ने इस मामले में मैनेजर समेत कई कर्मियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। दरअसल, पूरा मामला शहर के पटेल चौक स्थित इलाहाबाद बैंक की शाखा का है। बताया जा रहा है कि चेवाड़ा के करंडे गांव निवासी बैंक ग्राहक ने बैंक से गोल्ड लोन लिया था और करीब दो करोड़ रुपए का सोना बैंक के लॉकर में रखा गया था। तीन दिन पहले उन्होंने लोन के पैसे चुका दिए और सोना वापस लेने के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे थे। बैंक कर्मियों द्वार उन्हें लॉकर की चाबी नहीं दी जा रही थी और कोई न को बहाना बनाकर उन्हें वापस भेज दिया जा रहा था। परेशान शख्स ने इस बात की जानकारी बैंक के उच्च अधिकारियों को दी। अपना सोना वापस लेने के लिए शख्स गुरुवार को भी दिनभर बैंक के बाहर बैठा रहा। परेशान होकर उसने नगर थाना को मामले की जानकारी दी। देर शाम बैंक के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बैंक के मैनेजर समेत अन्य कर्मियों को हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद से बैंक में बैंकिंग कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। पुलिस पूरे मामले के छानबीन में जुटी है और जल्द ही सोना बरामद कर लेने का भरोसा दिलाया है।

### 27 मार्च को ब्रज भूमि से किया था चुनावी कार्यक्रम का आगाज, पंजाब में रैलियों से समापन

# उप्र के कप्तान योगी ने 61 दिन में लगाया दोहरा शतक

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के कप्तान योगी आदित्यनाथ ने महज 61 दिन के भीतर 204 चुनावी कार्यक्रम किए। 27 मार्च को मथुरा से प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए भाजपा से मिले चुनावी दायित्व का आगाज करने वाले योगी आदित्यनाथ ने 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए पसीना बहाया। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ अपने राज्य की वाराणसी संसदीय सीट से सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लखनऊ से सांसद-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए। मतदाताओं ने मोदी के सारथी योगी आदित्यनाथ पर यकीन किया, जिसका परिणाम रहा कि हर रैली में लाखों की संख्या में पहुंचे मतदाताओं ने उन्हें सिर आंखों पर बैठाया। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों के साथ ही 12 राज्य व दो केंद्रशासित प्रदेशों में भी 'कमल के कमाल' की अपील की।



**योगी ने की 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो:** योगी आदित्यनाथ ने 27 मार्च को ब्रज भूमि में हेमा मालिनी के पक्ष में प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुनावी कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद तापमान 47-48 भी पहुंचा तो भी योगी की इच्छाशक्ति को डिगा न सका। उत्तर प्रदेश से भाजपा, सुभासपा, रालोद व अपना दल एस के सभी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। ढाई महीने के चुनावी कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 61 दिन प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कुल 204 चुनावी कार्यक्रम किए। इनमें से 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 13 रोड शो के अलावा अधिवक्ता सम्मेलन, नारी सम्मेलन, कार्यकर्ता सम्मेलन, नामांकन समेत कई कार्यक्रमों में शिरकत की।

**पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी समेत कई नामचीनों के लिए भी संभाला मोर्चा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी समेत कुल 12 केंद्रीय मंत्रियों के लिए योगी आदित्यनाथ ने यूपी में मोर्चा संभाला। इसके अलावा भाजपा के कई राष्ट्रीय पदाधिकारियों के पक्ष में भी उनकी लोकसभा सीटों पर प्रचार करने पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन के साथ ही अधिवक्ता सम्मेलन, लोकसभा संचालन समिति की बैठक, नारी वंदन संवाद, जनसभा समेत कई कार्यक्रमों का सीएम योगी ने नेतृत्व किया तो वहीं रक्षा मंत्री के नामांकन से लेकर जनसभा तक की कमान भी संभाली।





# सदी का सबसे लंबा चुनाव बना लोकसभा 2024, 80 दिन में पुरे होंगे 7 चरणों के मतदान

- वर्ष 2019 में कुल 73 दिनों में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया हुई थी पूरी

**केटी न्यूज/पटना**

18वीं लोकसभा का चुनाव सदी का सबसे लंबा चुनाव बन गया है। जो सात चरणों में सम्पन्न हो रहा है। भीषण गर्मी में इतने दिनों तक चलने वाले इस लोकसभा चुनाव को हमेशा याद रखा जाएगा। इस बार बिहार समेत देश भर में अबतक छह चरणों का मतदान हो चुका है। इसके बाद में अब 1 जून को आखिरी चरण का मतदान का होना है। इसके बाद अब बिहार में आखिरी चरण में 8 सीटों पर मतदान होना है। दरअसल, भीषण सियासी तथा आसमानी गर्मी वाला वर्तमान संसदीय चुनाव कुल 80 दिनों में चार जून को पूर्ण होगा। अंतिम चरण तक आते-आते यह आम लोगों के साथ-साथ नेताओं के लिए भी थकाऊ और बोझिल होने लगा है। हालांकि, लोकतंत्र का यह महापर्व पहली बार वोट करने वाले समेत तमाम मतदाताओं के लिए अवश्य ही एक बेहतर तथा यादगार पल बनकर उभरा है। लेकिन इस बार का लोकसभा चुनाव अपने आप में एक नई कहानी कह रहा है। सात चरणों में लोकसभा चुनाव को लेकर



80 दिनों के बीच नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच, नामांकन पत्र की वापसी एवं मतदान सहित चुनाव प्रचार की प्रक्रियाएं पूरी की गयी। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई थी। अंतिम चरण का चुनाव प्रचार 30 मई को समाप्त हुआ और मतदान एक जून को होगा। सभी चरणों के मतगणना तथा चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ 4 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होगी। कल यानी एक जून को आखिरी और सातवें चरण का मतदान है। ऐसे में यह चुनाव सदी का सबसे लंबा लोकसभा चुनाव होने वाला है। मालूम हो कि इससे पहले वर्ष 2019 में कुल 73 दिनों में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई थी। इस वर्ष भी बिहार में सात चरणों में चुनाव हुआ था। वर्ष 2019 में 11 मार्च को चुनाव की घोषणा हुई थी। चार सीटों पर 11 अप्रैल को, पांच-पांच सीटों पर 18 अप्रैल, 23 अप्रैल, 29 अप्रैल व 6 मई और 8-8 सीटों पर 12 मई तथा 19 मई को मतदान हुआ था। 23 मई को मतगणना हुई थी। इसके पहले 2014 में 71 दिनों में चुनावी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। चुनाव 7 अप्रैल से 12 मई के बीच हुए थे। मतदान प्रकिया 7 अप्रैल से 12 मई तक हुआ। 16 मई को मतगणना के साथ ही चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गयी। बिहार में छह चरण में जबकि देश भर में 9 चरणों में संसदीय चुनाव हुआ था। वर्ष 2009 में कुल 74 दिनों में चुनाव प्रक्रियाएं पूरी की गयी थी। बिहार में चार चरणों में चुनाव हुआ था। 2004 में 73 दिनों में चुनाव प्रक्रियाएं पूरी हुई थी। 29 फरवरी को चुनाव की घोषणा हुई थी। 13 मई को मतगणना के साथ प्रकियाएं पूरी की गयी थी। आपको बताते चलें कि, देश में पहली लोकसभा गठन के लिए 1 नवंबर, 1951 को पहली अधिसूचना जारी की गयी थी। 29 नवंबर तक विभिन्न तिथियों में अधिसूचना जारी की गयी। मतदान दो से 25 जनवरी 1952 के बीच 17 चरणों में हुआ था। अपवाद स्वरूप पंजाब, बिलासपुर, कोचिन एवं त्रावणकोर में अक्टूबर 1951 तथा हिमाचल प्रदेश के लिए 10 सितंबर 1951 को ही अधिसूचना

# तीन लाख का इनामी प्रमोद यादव पुलिस एनकाउंटर में ढेर

**केटी न्यूज/मधेपुरा**

पूर्णिया और कोसी कमिश्नरी का कुख्यात और तीन लाख के इनामी अपराधी प्रमोद यादव को एसटीएफ ने शुक्रवार को एनकाउंटर में मार गिराया। प्रमोद के पास से कारबाईन और दो पिस्टल भी बरामद हुए। एनकाउंटर पूर्णिया मधेपुरा बॉर्डर पर बिहारीगंज थाना के सिनुरिया गांव के पास किया गया। पूर्णिया एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने बताया कि प्रमोद यादव पर पूर्णिया-मधेपुरा समेत कई जिले में एक दर्जन से अधिक सगीन अपराध दर्ज हैं। पूर्णिया जिले के बडहरा थाना में छह, धमदाहा थाना में एक , मधेपुरा जिला के बिहारीगंज थाना में पांच और मधेपुरा जिला के पुरैनी थाना में एक केस दर्ज है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ को सूचना मिली थी कि प्रमोद यादव पूर्णिया बिहारीगंज बॉर्डर के पास एक मचान पर सोया हुआ है। सिविल ड्रेस में एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची तब प्रमोद यादव ने फायरिंग शुरू कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ से हुई फायरिंग में प्रमोद यादव मारा गया। यह पुलिस की बढ़ी सफलता है।

### बाइक सवार अपनी मां के साथ अपने गांव से पटना जा रहे थे नेउरा के पास हुआ भयंकर हादसा

# पटना में ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचला, लोगों ने किया जमकर हंगामा

- प्रदर्शन कर रहे लोग मुआवजा की मांग को लेकर अड़े थे
- पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया
- घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया



**केटी न्यूज/पटना**

पटना के नेउरा में शुक्रवार को एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार मां-बेटे को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना से नाराज लोगों ने पटना-बिहटा मार्ग को जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोग मुआवजा की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर कई थाना की पुलिस पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म करने का प्रयास करने लगे। इस बीच गुस्साए लोगों और ग्रामीणों के बीच काफी देर तक विवाद होता रहा। बाद में पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। ट्रक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहे। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दी है और मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए नेउरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मौके से फरार हुए ट्रक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगा रहे थे। इससे कुछ देर तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप्प हो गई थी। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। बताया जा रहा है कि सुरैया निवासी सोहन कुमार (32) अपनी मां कांति देवी के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव से पटना जा रहे थे। नेउरागंज के नजदीक पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने दोनों को कुचल डाला। इस हादसा में दोनों मां-बेटे की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण उग्र हो गए और सड़क पर उतर आए। ग्रामीणों ने पटना-बिहटा मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोग स्थानीय थाना और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगा रहे थे। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस मार्ग पर गाड़ी की रफ्तार काफी तेज होती है, जिस पर अंकुश लगाने में प्रशासन पूरी तरह असफल साबित हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग के दोनों तरफ काफी घनी आबादी है। लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं और ऐसे में तेज रफ्तार गाड़ियों के शिकार आए दिन ग्रामीण हुआ करते हैं। ग्रामीणों ने घटना में मृतक मां-बेटे के परिजनों को मुआवजा की मांग की है। वहीं सड़क पर आने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। जब लोग सड़क से हटे। तब पुलिस को जाम से हटाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़े। वहीं सड़क जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी में लोग अपने परिवार के साथ परेशान हो गये थे।

## खगड़िया न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट में एक दोषी को 20 की सुनाई सजा

**खगड़िया।** खगड़िया व्यवहार न्यायालय ने चित्रगुप्त नगर थाना कांड 309/19 में आरोपी अलौली थाना क्षेत्र के झखरा निवासी रमेश प्रसाद के बेटे राकेश कुमार सिंह को 20 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख 20 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। एडीजे-6 सह अनन्य विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अतुल कुमार पाठक की कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 363 आईपीसी के तहत सात वर्ष की सजा और 20 हजार जुर्माना, धारा 376 (3) आईपीसी में 20 वर्ष की सजा के साथ 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जबकि पॉक्सो एक्ट-4 में 20 वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। जानकारी के मुताबिक, चित्रगुप्त नगर थाना कांड संख्या 309/19 में राकेश कुमार सिंह पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर गायब किया और करीब तीन माह तक दुष्कर्म किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में सात गवाहों को पेश किया गया था। घटना बीते वर्ष 27 फरवरी 2019 की बताई जा रही है। कोर्ट ने अपने आदेश में सभी सजा एक साथ चलाने का आदेश दिया है।

# सीवान में पुलिस टीम पर हमला, दरोगा समेत छह घायल

- घटना जीबी नहर तरवारा थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार एव उड़ियान टोला गांव में हुई

**केटी न्यूज/सीवान**

सीवान में पुलिस टीम पर हमला हुआ है। इसमें दरोगा समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना जीबी नहर तरवारा थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार एव उड़ियान टोला गांव की है। बताया जा रहा है कि एक गांव की कुछ लड़कियों पर पड़ोसी गांव के कुछ लड़के फब्तियां कसते थे। विरोध करने पर छेड़खानी भी करते थे। इसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ गया। दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चले। इसमें पांच लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं पुलिस जब इन लोगों को समझाने गई तो इन लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। पुलिस बल की तैनाती कर दी गई पथराव में दरोगा अविनाश कुमार घायल हो गए। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के आदेश पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। पुलिस बल को देखते ही उपद्रवी फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। सीवान एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि दो गांव के झगड़े की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। ग्रामीणों में हमले में एक दरोगा घायल हो गए हैं। मामले की जांच की जा रही है। अभी स्थिति नियंत्रण में हैं। बताया जा रहा है कि जीबी नहर तरवारा थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार एवं उड़ियान टोला गांव में गुरुवार को खूब चले ईंट-पत्थर चलने लगे। एक गांव के लोगों का आरोप है कि जब भी कोई लड़कियां इस गांव उधर जाती हैं तो कुछ लड़के उनपर फब्तियां कसते रहते हैं और छेड़खानी करते हैं। इसकी शिकायत जब लड़कियों ने घर आकर अपने परिजनों से कि तो उनलोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा कोई कदम नही उठाया गया। तभी जैसे ही दूसरे गांव के लड़के इन गांव में पहुंचे तो ग्रामीणों ने हमला कर दिया। दोनों ओर से मारपीट होने लगी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। दोनों ओर से ईंट-पत्थर चले लगे। इसमें दोनों ओर से पांच लोग घायल हो गए।

# केके पाठक ने लंबी छुट्टी पर जाने का किया फैसला, शिक्षकों की छुट्टी से नाराज बताए जाते हैं नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने एक बार फिर से लंबी छुट्टी के लिए आवेदन दिया है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि आगामी 3 जून से 30 जून तक केके पाठक छुट्टी पर रहेंगे। वहीं, उनके अचानक छुट्टी पर जाने के फैसले को स्कूलों में टाइमिंग विवाद और शिक्षकों की छुट्टी से जोड़ा जा रहा है। बता दें कि बीते दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में 8 जून तक स्कूलों को पूर्णतः बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन केके पाठक ने आदेश को संशोधित कर शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी थी। अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि इस पूरे मामले में सीएम नीतीश केके पाठक से बेहद नाराज हैं। इसी बीच केके पाठक ने लीव के लिए आवेदन दे दिया है। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव भी आज रिटायर हो रहे हैं। केके पाठक की अनुशंसा पर भी सरकार ने एक्सटेंशन नहीं दिया। बता दें कि कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव, केके पाठक के काफी भरीसेमंद



अधिकारी हैं, लेकिन उनको एक्टेंशन नहीं मिलना भी एक कारण हो सकता है। केके पाठक के अचानक लंबी छुट्टी पर जाने से सवाल उठने लगा है कि क्या केके पाठक फिर शिक्षा विभाग लौटेंगे या विभाग से सरकार उनकी विदाई कर देगी.बता दें कि बिहार में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया था। सीएम नीतीश के निर्देश पर इस संबंध में मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने आदेश पत्र जारी किया था। लेकिन, बाद में खबर आई कि इस आदेश पत्र में कुछ संशोधन किया गया और यह केवल बच्चों के स्कूल नहीं आने के लिए ही लागू किया गया। शिक्षकों को कोई राहत नहीं दी गई है और उन्हें अनिवार्य रूप से स्कूल आने के लिए कहा गया। कहा गया कि शिक्षक पहले की तरह स्कूल आएंगे और रोज अधिकारी भी स्कूलों का इंस्पेक्शन करेंगे। इस बीच शिक्षकों को छुट्टी नहीं दिये जाने को लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ गया। शिक्षक संघ की ओर से कहा गया कि क्या हीट वेव से शिक्षक प्रभावित नहीं होंगे। अगर स्कूलों में बच्चे नहीं तो फिर शिक्षकों को बुलाने की क्या जरूरत है। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिक्षकों को भी राहत देने की मांग की थी। अब जब केके पाठक अचानक छुट्टी पर चले गए हैं तो अटकलों का दौर भी शुरू हो गया है।

## फुलवरिया डैम में नहा रहे छह दोस्तों में एक दोस्त डूबा, खोज जारी

**नवादा।** नवादा के फुलवरिया डैम में एक युवक के डूबने का मामला सामने आया है। पुलिस और गोताखोरों की मदद से शव को ढूंढा जा रहा है। बताया जाता है कि रजौली बाजार के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के समीप के रजवरिया टोला के 6 युवक फुलवरिया डैम में स्नान करने गए थे। स्नान के दौरान ही पिंटू राजवंशी का 18 वर्षीय पुत्र फंटूश कुमार गहरे पानी में डूब गया, जबकि साथ रहे अन्य दोस्त डैम से बाहर निकल आए। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद रजौली के सीओ गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार फुलवरिया डैम दलबल के साथ पहुंचे। डूबे हुए युवक की तलाश की जा रही है। फंटूस के साथ राजू कुमार पिता सुरेंद्र राजवंशी उम्र 19 वर्ष, ऋतिक कुमार पिता बबलू राजवंशी उम्र 18 वर्ष, विक्रम कुमार पिता गोरे लाल राजवंशी उम्र 18 वर्ष, मनदीप कुमार पिता कारू राजवंशी उम्र 18 वर्ष, नीतीश कुमार पिता रंजीत राजवंशी सहित अन्य दोस्त उसके साथ गये थे।

## भागलपुर में बदमाशों ने किराना दुकान संचालक पर सरेआम मारी गोली

**भागलपुर।** भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक को दिनदहाड़े गोली मार दी। घायल युवक की पहचान नवादा गांव निवासी स्व. सरयू मंडल के बेटे रितेश मंडल के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक, युवक घर से किसी काम के लिए बाहर निकला था। तभी घात लगाए बदमाशों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में एक गोली घायल के सीने और कंधे के बीच जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने वहां चार राउंड फायरिंग की है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं, घायल को स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से आनन-फानन में रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मायागंज रेफर कर दिया।

# गर्मी से राहतः तय समय से दो दिन पहले बिहार में हो सकती है मानसून की एंट्री

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण त्राहिमाम की स्थिति हो गई है। राज्य में गर्मी और लू से अबतक कई लोगों की जान चली गई है। इसी बीच एक राहत भरी खबर आ रही है। मौसम विभाग ने बिहार में मानसून की एंट्री का डेट बता दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, बिहार में तय समय से दो-तीन दिन पहले मानसून की एंट्री होगी। दरअसल, मौसम विभाग ने केरल में 1 जून को मानसून के दस्तक देने की संभावना जताई थी लेकिन संभावित तारीख से दो दिन पहले ही यानी 30 मई को ही दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल और पूर्वोत्तर भारत में दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने संभावना जताई थी कि बिहार में मानसून की एंट्री 15



जून को होगा हालांकि अब इसको लेकर नया अपडेट आया है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि जिस तरह से केरल में मानसून ने दो दिन पहले ही दस्तक दी है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो बिहार में भी तय समय से दो दिन पहले ही मानसून की एंट्री हो जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो मानसून की एंट्री से पहले राज्य में प्री मानसून की बारिश होगी। केरल में दस्तक देने के बाद मानसून नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में दो तीन दिन बाद आता है। फिलहाल मानसून तेजी से आगे की ओर बढ़ रहा है। अगले 24 घंटे के भीतर इसके कर्नाटक और तमिलनाडु में प्रवेश करने की संभावना है। बिहार में मानसून के आगमन की तारीख 15 जून है। हालांकि जिस रफ्तार से मानसून आगे बढ़ रहा है, परिस्थितियां अगर ठीक रहीं तो इससे दो दिन पहले ही मानसून की बिहार में एंट्री हो जाएगी। मानसून की एंट्री के बाद मौसम की तल्खी में कमी आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।



## 1941 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण वोटिंग कराने के लिए पोलिंग दल रवाना, सुरक्षा के लिए कड़े इंतेजामात

# मतदान आज, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी पोलिंग

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को बक्सर संसदीय क्षेत्र के छह विधान सभाओं में मतदान होगा। इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। इस क्रम में जिले के कुल 1941 मतदान केंद्रों पर कुल 1913488 वोटर अपने अपने प्रत्याशियों को जीताने के लिए मतों का प्रयोग करेंगे। इसके लिए शहरी क्षेत्र में 254 और ग्रामीण इलाकों में 1687 मतदान बनाए गए हैं। वहीं, मतदाताओं की बात करें तो संसदीय क्षेत्र के 1000116 पुरुष और 913354 महिलाओं के साथ साथ थर्ड जेंडर के कुल 17 मतदाताएं वोट करेंगे।

वहीं, जिले में भयमुक्त और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक ने बक्सर व डुमरांव अनुमंडल के डिस्पैच सेंटर्स का भ्रमण किया और पोलिंग पार्टियों को दिशा निदेर्या दिया। जिलाधिकारी और एसपी ने संयुक्त रूप से इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत बैरी उच्च विद्यालय में 202-राजपुर विधान सभा क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर एवं बक्सर प्रखंड अंतर्गत मध्य एवं उच्च विद्यालय चुरामानपुर में अवस्थित 200-बक्सर विधान सभा क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर का भ्रमण किया। जहां उन्होंने उपस्थित सेक्टर, जोनल, सुपरजोनल दंडाधिकारियों को संबोधित किया। सभी मतदान दल के कर्मियों को निर्देशित किया कि चेक लिस्ट से मिलान करते हुए मतदान सामग्री प्राप्त करें। साथ ही, पार्टी मिलान करते हुए पुलिस पदाधिकारी के साथ संपर्क स्थापित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि हरहाल में 31 मई को ईवीएम, वीवी पैट एवं स्पेशल पैकेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं बल की सुरक्षा में अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सुरक्षित पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

**मतदान शुरू होने से पूर्व अनिवार्य रूप से कर लेंगे मॉक पोल :** जिलाधिकारी ने कहा कि एक जून को निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार एक जून को सुबह सात बजे अनिवार्य रूप से बूथों पर मतदान शुरू कर लिया जाए। इससे पूर्व मॉक पोल की प्रक्रिया एवं मॉक पोल का डाटा डिलीशिन निश्चित रूप से करना सुनिश्चित करेंगे। सभी सेक्टर पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मतदान दल अपने अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर ससमय पहुंच गए हैं। जोनल दंडाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर शांतिपूर्ण, स्वच्छ निर्वाचन संपन्न कराए जाने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। सुपर जोनल दंडाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हेतु सभी जोनल दंडाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी से लगातार संपर्क में रहेंगे एवं किसी प्रकार की समस्या का तुरंत निराकरण करेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता की सुविधा के लिए छाया, शेड, पेयजल, पंखा, पंक्ति में लगे मतदाताओं के लिए अलग से कमरे की व्यवस्था आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



## पुलिस नहीं जांच करेगी किसी का पहचान पत्र : डीएम



**डुमरांव।** निर्भिक होकर बूथ पर मतदान करने के लिए जाए और दूसरे को भी इसके लिए उत्प्रेरित करें। गर्भवती महिला मतदाता हो या बुजुर्ग सभी के लिए बूथ पर विशेष व्यवस्था रहेगी। बूथ पर सरकारी किसी भी फोटो युक्त प्रमाण पत्र के साथ मतदान करने के लिए जा सकते हैं। उक्त बातें राज हाईस्कूल चुनाव डिस्पैच सेंटर पर कर्मियों को ब्रीफिंग करते हुए डीएम अंशुल अग्रवाल ने कही। उन्होंने साफ शब्दों में कहा की पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए रहेगी न की आपका को परिचय पत्र जांच करेगी। पुलिस या अन्य कोई भीतर में किसी मतदाता से भी बात नहीं कर सकती है। बाहर कतारबद्ध मतदताओं के जरूरत पड़ने पर पुलिस उनकी सहायता कर सकती है।

डीएम ने बताया कि सभी केन्द्रों पर गर्मी को देखते हुए पानी औंर ओआरएस मौजूद रहेगा। स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा की वोटर स्लीप के लिए कोई परेशानी नहीं होगी। किसी भी सरकारी पहचान पत्र लेकर आप मतदान करने के लिए बूथ पर जा सकते हैं। पुलिस या कोई भी मतदान केन्द्र के भीतर नहीं प्रवेश करेगा और नहीं किसी से बात करेगा। किसी को काई बात करनी होगी तो बाहर के कतार में खड़े मतदाता से बात कर सकता है। उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मी भी मतदान केन्द्र के भीतर नहीं जा सकते और नहीं किसी से बात कर सकते हैं।

### डीएम-एसपी ने डुमरांव डीके कॉलेज व +2 राज उच्च विद्यालय का किया दौरा

वहीं, जिलाधिकारी व एसपी डुमरांव प्रखण्ड अंतर्गत +2 राज उच्च विद्यालय में अवस्थित 201-डुमरांव विधान सभा के डिस्पैच सेंटर एवं डीके कॉलेज डुमराँव में अविस्थत 199-ब्रह्मपुर विधान सभा के डिस्पैच सेंटर का संयुक्त रूप से मतदान कर्मी/पुलिस पदाधिकारी/सेक्टर पदाधिकारी को ब्रीफिंग किया। सभी मतदान दल के कर्मियों को निर्देशित किया गया कि चेक लिस्ट से मिलान करते हुए मतदान सामग्री प्राप्त करेंगे। साथ ही पार्टी मिलान करते हुए पुलिस पदाधिकारी के साथ सम्पर्क स्थापित करेंगे। साथ ही, प्रचंड गर्मी को देखते हुए मतदान कर्मी को निर्देश दिया कि ईवीएम एवं वीवी पैट को सुव्यवस्थित तरीके से तिरपाल से ढक कर मतदान केन्द्र कर ले जाना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्र के मतदान दलों से सम्पर्क में रहेंगे एवं आवश्यक सहयोग करेंगे। साथ ही, सभी सेक्टर पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मतदान दल अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर ससमय पहुंच गए है।

### मतदान केन्द्रों पर पारा मेडिकल टीम की सुविधा उपलब्ध, तैनात रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी

अधिकारियों ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पारा मेडिकल टीम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मतदान समाप्ति के पश्चात इस्तेमाल नहीं हुए ईवीएम को ओल्ड वेयरहाउस में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। जोनल दण्डाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर शांतिपूर्ण, स्वच्छ निर्वाचन सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता की सुविधा के लिए छाया, शेड, पेयजल, पंखा, पंक्ति में लगे मतदाताओं के लिए अलग से कमरे की व्यवस्था आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी मतदान केन्द्रों पर पारा मेडिकल टीम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मतदान प्रक्रिया के उपरांत पोल्ड ईवीएम को बाजार समिति में बने संग्रहण स्थल पर ससमय सुरक्षित जमा कराने हेतु सभी मतदान कर्मी को निर्देश दिया गया। पुलिस पदाधिकारी एवं मतदान कर्मियों को आपस में समन्वय करते हुए मतदान को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक मतदान की प्रक्रिया को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

## आज 14 उम्मीदवारों में से वोटरों को अपना सांसद चुनने की बारी



**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण में शनिवार को जिले के मतदाता वोट डालेंगे। बक्सर, संसदीय क्षेत्र से इस बार कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एनडीए समर्थित बीजेपी उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी, राजद उम्मीदवार सुधाकर सिंह, बसपा से अनिल कुमार, बहुजन मुक्ति पार्टी से राजू सिंह, जागरूक जनता पार्टी से हेमलता तो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र, पूर्व मंत्री ददन पहलवान, अखिलेश कुमार पांडेय, निरंजन राय, भगवान सिंह यादव, राम स्वरूप चौहान, सुधाकर मिश्रा, सुनील कुमार दुबे शामिल है। लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का पूरा दारोमदार युवा व महिला वोटरों पर रहेगा। लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। निर्धारित समय पर मतदानकर्मी और सुरक्षा बल बूथों पर पहुंच गए हैं। लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिव्यांग व गर्भवती मतदाताओं को बूथ तक लाने और वोटिंग के बाद फिर वापस घर तक छोड़ने की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को मतदान कर्मी डिस्पैच सेंटर से ईवीएम व मतदान सामग्री को लेकर बूथ की ओर रवाना हो रहे थे। बक्सर लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 23 हजार 164 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 6 हजार 224 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख 16 हजार 923 है। इसके अलावा 17 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिनके लिए 1941 मतदान केंद्र बनाया गया है।

## मतदान के लिए ईपिक के अलावा अन्य फोटोयुक्त 12 दस्तावेज मान्य



यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसके के लिए निर्वाचन शाखा ने 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेज की मान्यता दी है। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पास्टपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज (केंद्र व राज्य सरकार), लोक उपक्रम, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों के लिए जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसद, विधायक व एमएलसी को जारी किए गये आधिकारिक पहचान पत्र व भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

## खेतों में लगे मक्कों की रखवाली के लिए गए युवक की संदेहास्पद मौत

**केटी न्यूज/सिमरी**

स्थानीय थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के नीलामी मोड़ स्थित बघार में एक 35 वर्षीय युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक की शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

हालांकि पुलिस युवक की मौत के मामले में कुछ भी बताने से गुरुराज कर रही है। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के बारे में वास्तविक जानकारी हो पाएगी। मृतक युवक काजीपुर गांव निवासी भोला यादव का पुत्र विनोद यादव बताया जाता है।



जानकारी के अनुसार मृतक सुबह दस बजे के करीब घर से खाना खाने के पश्चात मक्के की खेत की रखवाली करने के लिए बघार में गया हुआ था। कि शाम शाम के समय परिजनों को सूचना मिली कि विनोद यादव मक्के के खेत के किनारे बेसुध पड़ा हुआ है। सूचना मिलते हैं परिजन भागे भागे मक्के की खेत पर पहुंचे। तो देखा कि मृतक मक्के के खेत के समीप मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। वहीं परिजनों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिया। सूचना मिलते हैं पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवक शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन हो गया। वही मामले में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

## बंद ईसीजी मशीन एवं साफ-सफाई पर भड़के डीएम, सीएस को किया शो-कॉज

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर अस्पताल के निरीक्षण करने पहुंचे डीएम अंशुल अग्रवाल को अस्पताल के समुचित सफाई व्यवस्था अस्त-व्यस्त के साथ ईसीजी मशीन के बन्द रहने पर सिविल सर्जन से स्पष्टीकरण की मांग की है। डीएम अंशुल अग्रवाल जिले में प्रचंड गर्मी एवं उष्ण लहर को देखते हुए सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहा हीट वेव को लेकर आवश्यक प्रबंध का जायजा लिया।

हीट वेव को देखते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक, जीवन रक्षक दवाओं के साथ अलर्ट मोड में रहना होगा। वही वे हीट वेव को लेकर सदर अस्पताल में चिन्हित कमरे का निरीक्षण किया गया एवं कमरे में पर्याप्त वेंटीलेशन, पंखा, ओआरएस, दवाई की व्यवस्था आदि व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा सदर अस्पताल बक्सर, अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव एवं सभी सीएचसी व पीएचसी पर हीट वेव से निपटने हेतु सभी प्रकार के आवश्यक दवाइयों को रखवाए जाय, ताकि जरूरत पर मरीजों को तत्काल इलाज की सुविधा मिल सके। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता को निर्देशित किया कि समय-समय पर अस्पताल प्रबंधन का निरीक्षण करते रहेंगे एवं निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। वहीं, निरीक्षण के क्रम में अस्पताल में समुचित साफ सफाई का अभाव पाया गया एवं ईसीजी मशीन कार्यरत नहीं पाया गया। जिसपर वह भड़क गए। उन्होंने पहले इस संबंध में पूछताछ की बाद में सिविल सर्जन को शो-कॉज किया।

## बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**केटी न्यूज/केसठ**

बिजली विभाग की लापरवाही से एक वृद्ध और और एक किशोर की मृत्यु होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रखंड के केसठ गांव स्थित दक्षिण डेरा के पश्चिम बधार में शुक्रवार को एक किशोर अचानके बिजली के करंटे की चपेट में आ गया। परिजनों ने आनन फानन में अस्पताल ले गए।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं एक वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार केसठ गांव स्थित दक्षिण डेरा निवासी शिरंग सिंह के पुत्र मनु कुमार आम के पेड़ पर चढ़कर आम में तोड़ रहा था।

इसी दौरान अचानक ग्यारह हजार वोल्ट बिजली की करंट के चपेट में आ गया। जिसके स्पर्श होते ही शरीर में करंटे प्रवाहित होने लगी। वहे करंटे की चपेट में आकर चिल्लाने और छटपटाने लगा। पेड़



पर ही लुढ़क गया। उसके आवाज सुनकर नीचे बैठे किशोर के बाबा राम कृपाल यादव पेड़ पर चढ़कर युवक के बचाने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आ गए। जिसे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। तब तक किशोर मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों एवं परिजनों ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसठ लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं वृद्ध की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

नावानगर पुलिस ने मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। वहीं युवक के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां प्रेमी देवी का रो रोकर बुरा हाल है। नावानगर थानाध्यक्ष नंदु कुमार ने बताया कि बिजली के करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया गया है।घटना की जांच की जा रही है। वही डुमरांव विधायक अजीत कुमार, मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और उचित मुआवजा दिलाने को लेकर आश्वासन भी दिया।

ग्रामीणों से बताया कि आम के पेड़ से बार बार 11 हजार की बिजली का तार संपर्क में आता है और पेड़ में बिजली प्रवाहित होने लगती है। ग्रामीणों ने बताया की बिजली विभाग को कई बार इसकी सूचना दी गई है लेकिन उनके द्वारा कोई सुध नहीं लिए गया।

### अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, कर्मियों ने ली शपथ

## तंबाकू से स्वयं के साथ अपने आसपास के लोगों को भी रखें दूर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर तंबाकू नहीं पीने की शपथ लिया। सभी ने शपथ लेते हुए अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इससे दूर रहने की बात कही। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के डीएस डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू पीना शरीर के लिए काफी हानिकारक है। अपने तो बचे ही परिवार और आसपास के लोगों को भी इससे दूर रखें।

मौके पर माजूद डॉ. सजनी प्रिया, डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. सुमित सौरव सहित अन्य ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा



कि नशा के सेवन से घर परिवार बर्बाद हो जाता है। कई तरह की बीमारियों की चपेट में नशा सेवन करने वाला आ जाता है। इससे लोगों को दूर ही रहना चाहिए। डॉक्टरों ने लोगों को समझाते हुए कहा कि बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चे सही रास्ते पर जाएंगे तो उनकी आपकी और उनकी जिंदगी खुशहाल होगी। कुछ बच्चे इसके आदी होते हैं, वैसे बच्चों को बुरी संगत से दूर रखना चाहिए।

### इसका सेवन स्वास्थ के लिए हानिकारक

इस दौरान डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाकर लोगों तक तम्बाकू का सेवन न करने का सन्देश पहुंचाया जाता है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। युवा, मजदूर वर्ग व ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी धूम्रपान जैसे- बीड़ी, सिगरेट, का उपयोग करतीं हैं। जिसके कारण फेफड़े, गले, दांत, प्रभावित होते हैं। वहीं लोगों को इन चीजों की लत भी हो जाती है। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन करने वाली महिला या पुरुषों में टीबी होने का खतरा 3 गुना ज्यादा होता है। टीबी से होने वाली मृत्यु भी 3 से 4 गुना अधिक होती है। तंबाकू सेवन से कैंसर के साथ ही टीबी की बीमारी होने की संभावना ज्यादा रहती है।

तंबाकू पदार्थों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विज्ञापन पर 01 से 05 वर्ष तक की कैद एवं 1000 से 5000 रुपए तक का जुमार्ना देय है।18 वर्ष से कम आयु वर्ग के अवयस्कों को तंबाकू पदार्थ बेचने पर 200 रुपए तक का जुमार्ना लग सकता है। बिना चित्रित या पैकेट के 85% भाग पर मुख्य रूप से न छपे वैधानिक चेतावनी के तंबाकू पदार्थ बेचने के जुर्म में 2 से 5 साल की कैद और 1000 से 10000 तक जुमार्ना भी लगाया जा सकता है।

## पॉक्सो एक्ट में दोषी शिक्षक को 4 साल की सजा के साथ अर्थदंड

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को पॉक्सो एक्ट के मामले में एक शिक्षक को सजा सुनाई है। शिक्षक पर छात्रा के साथ दुष्कर्म और छेड़खानी के प्रयास का आरोप था। मामला जैसे ही न्यायालय में पहुंचा, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष पास्को न्यायाधीश मनकामेश्वर प्रसाद चौबे ने साक्ष्य और गवाहों को सुनने के बाद नतीजे पर पहुंच सजा सुनाई। आरोपी पर दोष सिद्ध होने के बाद उन्होंने उस पर चार साल की सजा के साथ अर्थ दंड भी लगाया है।



वहीं, कोर्ट के इस फैसले के बाद पीड़ित छात्रा के परिजनों ने न्यायाधीश को धन्यवाद कहा है। इस संबंध में विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना 3 मई 2019 की है। जिसमें पीड़िता के पिता ने राजपुर के देवढ़िया गांव निवासी सुरेश चंद राम के बेटे दौलत अनोखा पर अपनी बच्ची के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया था। राजपुर थाना में मामला दर्ज होने के बाद उस पर कार्रवाई शुरू की गई।

# कराकाट लोकसभा सीट पर मुकाबला हुआ दिलचस्प, तीसरे कोण ने प्रत्याशियों की बढ़ाई धड़कनें

- काराकाट से एनडीए की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, महागठबंधन से राजाराम सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह और AIMIM प्रत्याशी प्रियंका चौधरी कि भाग्य का होना है फैसला
- करीब 18 लाख 81 हजार 191 मतदाता दिग्गजों के भाग्य का करेंगे फैसला

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को

### सातवें और आखिरी चरण के लिए मतदान आज



काराकाट लोकसभा सीट के लिए मतदान है। इससे पहले चुनाव प्रचार में काराकाट सीट सबसे अलग और खास दिखा जहां एक से बढ़ कर एक नेता व मंत्री अपने अपने पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में विशाल जनसभा और रोड शो किया। इस समय काराकाट की सीट बिहार की सबसे हॉट सीट बन गई है। जहां इस चुनावी रण में सभी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। अंतिम चरण के मतदान में काराकाट से एनडीए की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, महागठबंधन से राजाराम सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह और AIMIM प्रत्याशी प्रियंका चौधरी कि भाग्य का फैसला होना है। करीब 18 लाख 81 हजार 191 मतदाता इन दिग्गजों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिसमे काराकाट प्रखंड के 1 लाख 64 हजार 5 सौ 16 मतदाता भी शामिल हैं।

**बिहार की सबसे हॉट सीट बनी काराकाट:** बिहार में अंतिम चरण में सबसे हॉट सीट काराकाट में वोटिंग होगी, जहां काराकाट सीट पर बिहार के साथ साथ पूरा देश कि नजरें टिकी हैं। तीसरे कोण ने इस सीट के मुकाबले को रोचक बना दिया है। यह तीसरा कोण जीतने की क्षमता भले ही न रखता हो, लेकिन हार में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। अंतिम चरण में सबसे रोचक लड़ाई काराकाट में दिख रही। यही कारण है कि अंतिम समय तक एनडीए और इंडिया अलायंस के उम्मीदवार पूरी ताकत लगाकर चुनाव प्रचार में जुटे रहे।

### 110 बूथों पर की गई है शेड की व्यवस्था

बढ़ी हुई गर्मी को देखते हुए चुनाव आयोग की तरफ से 110 बूथों पर शेड और 175 मतदान केंद्रों पर पीने के पानी और और ओआरएस की व्यवस्था की गई है। काराकाट प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए कई तरह व्यवस्था की गई है। मतदाताओं को सीधी धूप का सामना न करना पड़े इसके लिए व्यापक शेड और फर्स्ट एड की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा सभी पोलिंग बूथों पर दिव्यांगों के लिए भी अलग से व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है।

### काराकाट प्रखंड में बनाए गए हैं 175 बूथे

चुनाव आयोग की तरफ से काराकाट लोकसभा सीट अंतर्गत काराकाट प्रखंड में कुल 175 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसके लिए बाहरी सुरक्षा बलों से साथ करीब 5 हजार सुरक्षा कर्मी को तैनात कर दिया गया है। जिसमे बाहरी सुरक्षा बलों की 5 टुकड़ियों के साथ बिहार पुलिस के हजारों जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 175 पोलिंग बूथ तैयार किया गया है। जिसमे शहरी क्षेत्र में 13 और ग्रामीण क्षेत्रों में 162 बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा अंतिम चरण के मतदान के दौरान 120 बूथों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

## आरा लोकसभा सीट के लिए वोटिंग आज, बनाए गए हैं 2249 पोलिंग स्टेशन

# 21 लाख 64 हजार 958 मतदाता आज करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

- आरा में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियां रवाना
- शांति एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में सातवें व अंतिम चरण का मतदान 1 जून को है। भोजपुर के विभिन्न डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को रवाना हुई। पोलिंग पार्टियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी महेंद्र कुमार की उपस्थिति में रवाना किया गया। उन्होंने डिस्पैच सेंटर पर बने पंडाल का निरीक्षण कर हेल्प डेस्क पर तैनात अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ताकि पोलिंग पार्टियों को किसी भी तरह की असुविधा नही हो। बता दें कि चुनाव के दौरान वोटर कार्ड नहीं मिलने के कारण कई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में यह भी मतदाता वोट डालने से वंचित नहीं रहे। इसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदाता वोटर कार्ड नहीं रहने की स्थिति में अन्य 12 विकल्प में कोई एक पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकेंगे।

### वोटर कार्ड नहीं रहने की स्थिति में भी कर सकेंगे मतदान



### यादव और राजपूत मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा

आरा लोकसभा क्षेत्र में कुल सात विधानसभा सीटें हैं। इसमें आरा, बड़हरा, संदेश, अगिआंव, तरारी, जगदीशपुर और शाहपुर शामिल हैं। आरा लोकसभा में कुल 21,64,958 लाख वोटर हैं जिसमें 11,51099 पुरुष तथा 10,13826 महिला मतदाता हैं। ट्रांसजेंडर संख्या 33 कुल सेवा मतदाता 17925 हैं। जिले में कुल 2249 पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। भोजपुर जिले में यादव और राजपूत मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है। जिले में लगभग 3 लाख 50 हजार यादव हैं। इन्हें आरजेडी का परंपरागत वोट बैंक माना जाता है। हालांकि ये अब कुछ हद तक जेडीयू और बीजेपी में भी बंटते रहे हैं। जिले में पासवान जाति के मतदाताओं की संख्या 50 हजार के आसपास बताई जाती है। ये सीधे तौर पर लोजपा और भाजपा और कुछ महा गठबंधन के साथ जुड़े हैं। यहां चंद्रवंशी समाज के वोटरों की संख्या भी 50 हजार के करीब है। इसमें ज्यादातर महागठबंधन के साथ हैं। बाकी अतिपिछड़ा वोट पांच लाख से ऊपर है। ये वोट सीधे तौर पर दोनों प्रत्याशियों के साथ है, लेकिन यहां भी भाजपा कुछ ज्यादा सेंधमारी कर सकती है। जिले में राजनीतिक रूप से भूमिहार जाति सबसे ज्यादा सक्रिय है। इनकी संख्या लगभग एक लाख 15 हजार है। उनका भी वोट चुनाव में निर्णायक साबित होता है। अगर भूमिहार वोटरों की बात करें तो कुछ बुजुर्ग लोग जो पुराने कांग्रेसी हैं वो महागठबंधन प्रत्याशी को वोट करते हैं। अन्यथा 85 प्रतिशत भूमिहार समाज का वोट भाजपा को मिलता रहा है।

### राजपूत जाति के लगभग तीन लाख मतदाता

राजपूत जाति से आने वालों की संख्या लगभग तीन लाख के आसपास है। इनके वोट सीधे तौर पर भाजपा प्रत्याशी को मिल सकते हैं। कुछ वोट कांग्रेस और महागठबंधन के प्रत्याशी को भी मिल सकते हैं। भाजपा के सांसद आरके सिंह इसी राजपूत जाति से आते हैं। आरा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण जाति के लगभग 70 हजार से ज्यादा वोट हैं जो सीधे तौर पर भाजपा के साथ जा सकते हैं। आरा लोकसभा में कुशवाहा वोटरों की संख्या एक लाख से अधिक है। सामाजिक समीकरण की बात करें तो इन्हें कई भागों में बांटा जा सकता है। इसमें ज्यादा सेंधमारी भाकपा माले कर ले तो यह बड़ी बात नहीं होगी। पवन सिंह के निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर काराकाट से लड़ने के कारण कुशवाहा समाज भाजपा से नाराज है जिसका सीधा फायदा माले को मिलेगा। भोजपुर जिले में मुस्लिम समुदाय की आबादी 1 लाख 25 हजार है। यहां मुस्लिम मतदाताओं की बात करें तो ये सीधे तौर पर भाकपा माले प्रत्याशी के साथ जाएंगे लेकिन 2019 के चुनाव में मुस्लिमों का वोट भाजपा को भी गया था। जिले में अति पिछड़ा वर्ग से लोहार, कुम्हार, बढ़ई, सुनार, कहार, मल्लाह कुछ ऐसी जातियां हैं जो कई क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। जिले में कुर्मी कोइरी-मांझी, वोट भी बहुत मायने रखने वाला है।

### तपती धूप के बीच मतदान कर्मी गंतव्य स्थल की ओर रवाना

**बिक्रमगंज।** मतदान कार्य में लगे मतदान कर्मियों ने झोरे बोरे के साथ चिलचिलाती धूप में पिकअप गाड़ी के ट्रालियों पर खड़े होकर अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। लोकतंत्र का महापर्व है और अपनी जिम्मेवारियों को निभाने के लिए सरकार के हर हुकुम का पालन जो करना है। चाहे उन्हें ट्रॉली में लादकर भेजा जाए या पैदल भेजा जाए, जाना तो पड़ेगा। शुक्रवार को दिनभर विभिन्न वाहनों से गुजरते हुए मतदान कर्मियों को कड़ी धूप में खुले आसमान में ट्रालियों पर खड़े होकर जाते हुए देखा गया। मालूम हो कि भीषण गर्मी के कारण कितने कर्मियों की मौत भी हो चुकी है इसके बावजूद इनको इस तरह से मतदान कार्य में लगाना कहां तक उचित और न्याय संगत है? यह एक विचारणीय प्रश्न है। जिनके कंधे पर लोकतंत्र के महापर्व की जिम्मेवारी सौंपी जाती है। उनके लिए इस तरह की व्यवस्था प्रशासनिक विफलता का एक संकेत भी है। सरकार बनाने के लिए सरकारी कर्मियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना भी प्रशासन की जिम्मेवारी है। लेकिन इस मामले में सरकार और प्रशासन बिल्कुल बेपरवाह दिखाई दी। एक तरफ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को इस बार अभूतपूर्व सुविधा प्रशासन के द्वारा दी गई है। जबकि इसके दारोमदर कर्मियों को बेपरवाह रखना कितनी बड़ी विफलता है यह सोचनीय है।

## एक नजर

### फांसी लगाकर महिला ने दे दी जान

**नसरीगंज।** कछवां थाना अंतर्गत ग्राम कछवां में फांसी लगाने से एक महिला की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम कछवां थाना अंतर्गत ग्राम कछवां में महिला शबाना खातून उम्र 38 वर्ष पति शहरे आलम की मृत्यु फांसी लगाने से हो गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मृतिका के मायके वालों को दी गई। मिली सूचना पर मृतिका के मायके वाले उनके घर पहुंचे। मृतिका के मायके वालों ने फर्श पर पड़े शव को देख दहाड़ मार कर रोने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि मृतिका के शव को परिजनों के समक्ष कानूनी कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल सासाराम भेजकर पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दी गई है । थानाध्यक्ष ने बताया कि मायके वालों का आरोप है कि मेरी पुत्री की जान ली गई है, जबकि वहीं ससुराल वालों का कहना है कि मृतिका खुद से ही फांसी लगाई है। उन्होंने कहा कि घटित घटना के मामले में किसी के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृतिका का पति बाहर रहता है। बताया कि मृतिका के पांच बच्चे हैं । मृतिका की शादी मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार वर्ष 2007 में कछवां थाना अंतर्गत ग्राम कछवां निवासी शहरे आलम के साथ हुई थी। मृतिका शबाना खातून जिला औरंगाबाद थाना मदनपुर क्षेत्र के साकिन वार गांव की रहने वाली बताई जाती है ।

### बलथरी गांव के पास बुखार से पीड़ित मतदान कर्मी मूर्छित होकर बाइक से गिरा, रेफर

**दिनारा।** कोचस थाना क्षेत्र के बलथरी गांव के समीप शुक्रवार को मतदान कार्य के लिए दिनारा जा रहे एक मतदान कर्मी बाइक से मूर्छित होकर गिर पड़ा । जिसे जिसे ग्रामीणों ने स्थानीय सीएससी में भर्ती कराया । जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया । घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजपुर प्रखंड में कार्यपालक सहायक के पद पर कार्यरत चंद्रकांत भारती ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए दिनारा जा रहे थे की सासाराम चौसा पथ में बलथरी गांव के समीप बाइक से अचानक मूर्छित होकर गिर पड़े । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि कार्यपालक सहायक के सिर में गंभीर चोटे आई हैं। जो तेज बुखार से पीड़ित था। गंभीर स्थिति देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## घर में खाना बना रही महिला की करंट लगने से गई जान

**केटी न्यूज/आरा**

धोबहां थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव में शुक्रवार को खाना बनाने के दौरान एक महिला की मौत हो गई। मुंह से झाग निकलते देख उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों द्वारा करंट लगने से मौत होने की बात कही जा रही है। मृत महिला इंग्लिशपुर गांव निवासी उमेश यादव की 35 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी थी। उमेश यादव ने बताया कि उनकी पत्नी रसोईघर में हीटर पर खाना बना रही थी। उस समय वह घर में अकेली थी। उसी दौरान उसे करंट लग गया। कुछ देर बाद उनका बेटा रसोईघर में गया तो, देखा कि उसकी मां जमीन पर पड़ी बेहोश पड़ी है और मुंह से झाग निकल रहा है। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि महिला के दो पुत्र करण यादव और रोहित यादव है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

### सड़क किनारे मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**आरा।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा मोड़ के समीप शुक्रवार की दोपहर 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव सड़क किनारे पड़ा था। मृतक के गर्दन और चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मौत का कारण भी स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मृतक की पहचान और मौत कै कारणों की छानबीन में जुट गई है।

## आपसी विवाद में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

घोसी थाना क्षेत्र साहोबिगहा पुरनका टोला गांव निवासी 68 वर्षीय रामजी यादव नामक एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वह गुरुवार की शाम पशु चराने के लिए नदी के किनारे गया था लेकिन जब देर शाम तक घर नहीं लौटा तो उनके परिवारवाले को अनहोनी की आशंका होने लगी। काफी खोजबीन करने लगा देर रात्रि तक मृतक व्यक्ति का कोई अता-पता नहीं चला।

शुक्रवार को सुबह जब गांव के कुछ लोग नदी के किनारे गए तो देखा की हरदास राम भवन गांव समीप इस व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था, इस घटना की सूचना उसके परिवार जनों को दिया गया परिवारजन दौड़े दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे और इस घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है इसके परिजन का आरोप है कि हरदासपुर गांव के कुछ किसान के मूंग के खेत में मृतक व्यक्ति का पशु चला गया इसी को लेकर उन लोगों द्वारा लाठी डंडे से मारकर इसकी हत्या कर दी गई है। ,एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली है पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया है। उसके परिजन द्वारा हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। मृतक व्यक्ति के शरीर पर निशान भी मिले हैं लेकिन हत्या कैसे हुई है। हत्या का कारण क्या है। सभी बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। वहीं स्थानीय विधायक रामबली सिंह यादव घटनास्थल पर पहुंचकर इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से इसकी हत्या की गई है। यह काफी निंदनीय है। पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि निष्पक्ष रूप से इसकी जांच कराई जाए। जो भी इस घटना में शामिल है उसे कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए दोषियों को सजा दिया जाए एवं निर्दोष को नहीं फसाया जाए।

## लू लगने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत, मचा कोहराम

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव में एक 55 वर्षीय दीनानाथ चौबे पिता स्वर्गीय योगेश्वर चौबे की लू लगने से मौत हो गई। इस घटना से गरीब परिवार बेसहारा हो गया है। रो रो कर परिजनों का हाल बेहाल है। बता दे कि दिनानाथ चौबे की चार लड़की और दो लड़के हैं। वह मंदिर में पूजा करके अपने बाल बच्चों का पालन पोषण करते थे। मुंजी पंचायत के मुखिया अजय प्रताप सिंह ने कहा कहा कि 3000 कबीर अंतोष्ठी योजना से दिया गया है। लेकिन उनकी स्थिति इतनी कमजोर है कि अगर सरकारी सहायता राशि नहीं मिला तो परिवार दाने-दाने को मोहताज हो जाएगा।




## भोजपुर में आसमान से बरसती आग और गर्म हवा बनी जानलेवा, भय का माहौल

# हीट वेव का कहर... मतदान कर्मी सहित दो लोगों की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में आसमान से बरसती आग के बीच शरीर झुलसाने वाली गर्म हवा और भीषण गर्मी का कहर जारी है। जिले में दूसरे दिन भी लोगों के मरने का सिलसिला जारी रहा। भीषण गर्मी (हिटवेव) की चपेट में आने से शुक्रवार को मतदान कर्मी सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा दोनों शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया है। इधर, बड़हरा निवासी एक दारोगा की मुंगेर में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चरपोखरी प्रखंड के बगही गांव स्थित बूथ संख्या 159 पर शुक्रवार को एक पोलिंग अधिकारी की मौत हो गई। मृत कर्मी चौरी थाना क्षेत्र के डिलिया गांव निवासी 34 वर्षीय पुत्र सुदामा कुमार थे। वह सहार पीएचसी में चतुर्थवर्गीय कर्मी थे। उनकी ड्यूटी बगही गांव स्थित मतदान केंद्र पर लगी थी। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरिगांव गांव में दरवाजे पर बैठे एक किसान की मौत हो गई। मृत किसान हरिगांव गांव निवासी स्व.राम नरेश चौबे के 63 वर्षीय पुत्र बृज भूषण चौबे थे। उनके दामाद ने बताया कि गुरुवार की देर शाम वह घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी हीट स्ट्रोक के कारण उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गयी। तब उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। बता दें कि पिछले दो दिनों से जिले में झुलसा देने वाली गर्मी और हीटवेव चल रही थी। उसकी चपेट में आने से गुरुवार को काफी लोग बीमार पड़ गए थे। चुनाव ड्यूटी में लगे पांच कर्मियों सहित दस लोगों की मौत हो गई थी। दर्जन भर से अधिक लोगों का सदर अस्पताल सहित अन्य हॉस्पिटल में इलाज भी चल रहा है।

### अचानक बिगड़ी तबीयत और मतदान कर्मी की चली गयी जान

चरपोखरी थाना क्षेत्र के बगही गांव स्थित बूथ पर शुक्रवार को हिटवेव की चपेट में आने से चुनावी ड्यूटी में तैनात एक कर्मी की मौत हो गई। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के डिलिया गांव निवासी 34 वर्षीय सुदामा कुमार थे। सहार स्थित पीएचसी में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर कार्यरत सुदामा कुमार की ड्यूटी चरपोखरी प्रखंड के मझिआंव पंचायत के बगही मतदान केंद्र संख्या 159 पर पीठासीन-2 अधिकारी के रूप में लगी थी। बताया जा रहा है कि तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसके बाद मतदान केंद्र पर उपस्थित कर्मियों द्वारा पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गयी। चरपोखरी सीएचसी से एंबुलेंस भेज उन्हें तत्काल अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टर द्वारा कर्मी को मृत घोषित कर दिया गया। इधर, कर्मी की अचानक मौत होने से अन्य कर्मियों में हीटवेव को लेकर भय का माहौल बना हुआ है।

### बड़हरा के ट्रैफिक दारोगा की हीट वेव से मुंगेर में मौत

बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर गांव के ट्राफिक दरोगा ददन प्रसाद सिंह की हीटवेव की चपेट में आने से मुंगेर में मौत हो गई है। उनका शव शुक्रवार को पटना स्थित उनके आवास पर लाया गया। इधर, मौत की खबर से दारोगा के घर में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा पुलिस विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया की दारोगा गुरुवार को ट्राफिक ड्यूटी में तैनात थे। उसी दरम्यान उनको शरीर में बेचैनी होने लगी। उसके बाद पुलिस द्वारा उनको पुलिस लाइन लाया गया। वहां बाथरूम जाने के क्रम में चक्कर आने के बाद गिर कर बेहोश हो गए। उसके बाद इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनकी मौत हो गई।

# बलिया के पचरुखिया घाट पर पांच किशोर डूबे, तीन का शव बरामद

♦ पचरुखिया ट्यूशन पढ़ने गए हुए थे पांचों किशोर

**केटी न्यूज / बलिया**

हल्दी थाना क्षेत्र के गंगा नदी के काली मंदिर के सामने पचरूखिया घाट पर शुक्रवार को नहाते वक्त पांच किशोर डूब गये। इसकी सूचना मिलते ही इलाके में हड़कम्प मच गया। सैकड़ों लोगों गंगा घाट पर पहुँच गए। ग्रामीणों ने तीन किशोरों के शव को बरामद किया। जबकि दो की तलाश अब भी जारी है। मृतक किशोरों की शिनाख्त रेवती थाना क्षेत्र के पियरौटा निवासी रवि राम 14 वर्ष पुत्र दिलीप राम, सनी राम 15 वर्ष पुत्र वीरेन्द्र राम तथा रेवती थाना के अचलगढ़ निवासी सिंटू कुमार 13 वर्ष पुत्र जितेंद्र राम के रूप में की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीण तीन किशोर की तलाश में लगे हुए हैं। पुलिस ने तीनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शव को देखते ही परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। वहीं गंगा घाट पर पांचों किशोरों के कपड़े, एक मोबाइल और साइकिल को पुलिस ने बरामद किया।



बताया जा रहा है कि रेवती थाना क्षेत्र के पियरौटा गांव निवासी रवि कुमार राम पुत्र दिलीप राम, सनी कुमार राम पुत्र वीरेंद्र राम, निर्मल कुमार पुत्र शिवचंद चोपड़ा, अभिषेक कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद राम व रेवती थाना क्षेत्र के ही अचलगढ़ गांव निवासी सिंटू कुमार पुत्र जितेंद्र राम शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे अपने घर से ट्यूशन पढ़ने पचरुखिया के लिए निकले थे। इसी बीच पांचों किशोर हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया काली मंदिर के सामने गंगा घाट पर स्नान करने के लिए पहुंचे। जहां पर पांचों अपना साइकिल, मोबाइल, कपड़ा उतार कर गंगा नदी में स्नान करने लगे। इसी बीच पहले से ही गंगा घाट पर स्थान कर रहे छोटे-छोटे दो बच्चों ने किशोरों को डूबते देख चिल्लाना शुरू किया और सड़क के किनारे बैठे लोगों को किशोरों की डूबने की बात बताई। यह बात धीरे-धीरे जंगल में आग की तरह फैल गयी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया, जो जहां था वहीं से दौड़कर गंगा नदी के पचरुखिया काली मंदिर घाट पर पहुंचा, जहां पर स्थानीय मछुआरों की मदद से रवि व सन्नी के शव को गंगा नदी के पानी से बाहर निकाला। कुछ देर बाद सिंटू कुमार का भी शव बरामद हुआ। वही दो किशोरों की तलाश समाचार लिखे जाने तक जारी था।

## खबरें फटाफट

### कोर्ट ने आरोपी को सुनाई तीन साल के कारावास की सजा

**बलिया।** जानलेवा हत्या के प्रयास के मामले में सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने एक आरोपी को शुक्रवार की दोपहर तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 20 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम मन्नू यादव पुत्र मुन्ना यादव निवासी बहदुरा थाना मनियर है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2017 में मनियर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 20 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में कंट्रोल रूम स्थापित

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल निष्पक्ष निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट सभागार में बनाया गया है। जिसका दूरभाष नं0 373- जखनियां विधानसभा 0548- 2970771, 374- सैदपुर विधान सभा 0548- 2970772, 375- सदर विधान सभा 0548- 2970773, 376- जंगीपुर विधानसभा 0548- 2970779, 377- जहूराबाद विधानसभा 0548- 2970770, 378- मुहम्मदाबाद विधानसभा 0548- 2970778, 379- जमानियां विधानसभा 0548- 2970776, कंट्रोल रूम (1950) 0548- 2220211 है।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को दस वर्ष की सजा

**बलिया।** छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को शुक्रवार की दोपहर दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। आरोपी का नाम विशाल सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी धनौती थाना सुखपुरा है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 में सुखपुरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को शुक्रवार की दोपहर दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

## पोलिंग पार्टियां रवाना, 2600 बूथों पर होगा मतदान, तैनात रहेंगे अर्द्ध सैनिक बल के जवान

# 25 लाख 24 हजार 441 मतदाता आज करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**केटी न्यूज/ बलिया**

बलिया समेत तीन लोकसभा क्षेत्रों को समेटे जिले के 2606 बूथों पर एक जून को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार सुबह से रवाना होने लगीं। जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार और ओजस्वी राज ने कलेक्ट्रेट व कृषि उत्पादन मंडी समिति तिखमपुर में जाकर रवानगी का जायजा लिया। बलिया लोकसभा क्षेत्र में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र फेफना, बलिया नगर व बैरिया आते हैं। इसमें गाजीपुर के मोहम्मदाबाद और जहूराबाद भी शामिल है। इस लोकसभा के लिए प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 1923645 मतदाता करेंगे।

जबकि सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र बेल्थरारोड, सिकंदरपुर व बांसडीह आते हैं। इसके अलावा देवरिया का भाटपाररानी और सलेमपुर भी शामिल है। 1776982 वोटर सलेमपुर से लड़ रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जबकि घोसी लोकसभा क्षेत्र में बलिया जिले की सिर्फ एक विधानसभा सीट रसड़ा शामिल है। यहां के 366495 मतदाता घोसी का सांसद चुनने में भागीदार होंगे। बलिया जनपद के कुल 25,24,441 मतदाताओं के वोट को ईवीएम में डलवाने के लिए पोलिंग पार्टियां एक-एक कर रवाना होने लगीं। फेफना, रसड़ा और बलिया नगर के मतदान कर्मी कलेक्ट्रेट से और बेल्थरारोड, सिकंदरपुर और बांसडीह के मतदान कर्मी कृषि उत्पादन समिति मंडी तिखमपुर से निर्धारित वाहनों में बैठकर मतदेय स्थलों के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदानकर्मियों को जरूरी सलाह भी दी।



**बलिया में कहां कितने मतदाता**

| | |
|---|---|
| **बलिया लोकसभा** | |
| फेफना | 330157 |
| बलिया नगर | 366659 |
| बैरिया | 368040 |
| जहूराबाद | 423482 |
| मोहम्मदाबाद | 435307 |
| कुल | 1923645 |
| **घोसी लोकसभा** | |
| रसड़ा | 366495 |
| **सलेमपुर लोकसभा** | |
| बेल्थरारोड | 370650 |
| सिकंदरपुर | 309738 |
| बांसडीह | 412702 |
| भाटपाररानी | 341805 |
| सलेमपुर | 342087 |
| कुल | 1776982 |



## लोकतंत्र का महापर्व आज, मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां बूथों की ओर रवाना

♦ 18.43 लाख मतदाता करेंगे 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

♦ 1005 संवेदनशील मतदेय स्थल पर होगी वेबकास्टिंग

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिले में अंतिम चरण में एक जून को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व को लेकर निर्वाचन से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसके मद्देनजर शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां नवीन मंडी से रवाना की जा रही हैं। चंदौली संसदीय क्षेत्र में 18 लाख 43196 मतदाता हैं, जिममें 855475 महिलाएं जबकि 987671 पुरुष और थर्ड जेंडर के 50 मतदाता शामिल हैं। शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पूरे संसदीय क्षेत्र को 23 जोन और 139 सेक्टर में बांटा गया है। इसके साथ ही 1005 संवेदनशील मतदेय स्थल की वेबकास्टिंग कराई जायेगी। बताते चलें कि जिले में कुल मतदान केंद्र 981 और मतदेय स्थल (बूथ) 1868 हैं. जिसके लिए शुक्रवार को नवीन मंडी 1868 पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। सुबह से ही पीठासीन अधिकारी व मतदान कार्मिक ईवीएम, वी वी पैड, आवश्यक सामग्री लेने के लिए विधानसभा वार लाइन में लगे रहे. जिसके बाद मतदान कार्मिक ईवीएम , वीवीपैड व आवश्यक स्टेनशनरी सामग्री का मिलान करते नजर आये।

जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे ने बताया कि पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों के लिए रवाना की जा रही हैं। ईवीएम को ट्रैक करने के लिए गाड़ियों की ट्रैकिंग जीपीएस व पोलिंग ऑफिसर के मोबाइल में ऐप द्वारा की जायेगी। गर्मी को देखते हुए पोलिंग पार्टियों को ऐहतियात बरतने के निर्देश दिये गए हैं। तेज गर्मी के कारण मतदान केंद्रों पर भी छाया के लिए टेंट के साथ ही कूलर भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में पांच मॉडल बूथ और एक पिंक बूथ बनाया गया है. दिव्यांग ,वृद्ध , बीमारी से ग्रसित और धात्री महिलाओं को मतदान करने में वरीयता दी जायेगी. उन्होंने जनपद के मतदाताओं से कल अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही अपने संबंधियों से वोट से दिलवाने की अपील की।

# ईवीएम व स्टेशनरी लेकर पोलिंग पार्टियों की मतदान केंद्रों के लिए रवानगी शुरू

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

गाजीपुर लोकसभा व बलिया लोकसभा के दो विधानसभाओं में चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां ईवीएम मशीन स्टेशनरी लेकर सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो रही है। गाजीपुर लोकसभा के जखनियां विधानसभा के लिए आईटीआई मैदान, सैदपुर विधानसभा के लिए पीजी कालेज गोराबाजार, गाजीपुर सदर के लिए न्यू स्टेडियम गोराबाजार, जंगीपुर के लिए न्यू स्टेडियम आरटीआई मैदान, जमानियां के लिए राजकीय पालिटेक्निक कालेज रौजा और बलिया लोकसभा के दो विधानसभा जहूराबाद के लिए स्वामी सहजानंद पीजी कालेज, मुहम्मदाबाद के लिए रामलीला मैदान से मतदानकर्मी ईवीएम, स्टेशनरी और वाहन का लेकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो रही हैं।



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि मतदान शांतिपूर्वक और निष्पक्ष कराने के लिए हर संभव व्यवस्था की गयी है। मतदान के लिए 12900 कर्मी लगाए गये हैं। भारी संख्या में पैरामिलिट्री फोर्स, पीएससी, और बाहर से पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात किये गये हैं। जनपद की पुलिस का मतदान केंद्रों के अंदर ड्यूटी नहीं लगाया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए पानी, ओआरएस, और चिकित्सकों की टीम तैनात की गयी है।

## निष्पक्ष शांतिपूर्ण सकुशल मतदान करने हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध

**केटी न्यूज / मऊ**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत सातवें एवं अंतिम चरण में निर्वाचन क्षेत्र 70 घोसी में कल होने वाले मतदान के दृष्टिगत आज कलेक्ट्रेट परिसर से समस्त 913मतदान केंद्रों के (1762) मतदेय स्थलो के लिए पोलिंग पार्टिया 4:00 बजे तक प्रस्थान कर गई। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण मिश्र ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र घोसी में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज समस्त पोलिंग पार्टिया समय से अपने निर्धारित मतदेय स्थलों हेतु प्रस्थान कर चुकी हैं एवं कल होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सफल भी होगी। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से कल होने वाले मतदान प्रक्रिया में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने की अपील कि जिससे निर्वाचन क्षेत्र घोसी में मतदान प्रतिशत में अपेक्षित वृद्धि हो सके।



## एक नजर

### बहुजन समाज पार्टी, आवामी पिछड़ा पार्टी सहित एक अन्य को तृतीय लेखा मिलान में प्रतिभाग न करने पर नोटिस

**मऊ ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत प्रत्याशियों हेतु लेखा मिलान के लिए निर्धारित तिथियां क्रमशः 21, 25 एवं 30 मई को लेखा मिलान के दौरान आवामी पिछड़ा पार्टी द्वारा प्रतिभाग न करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुनः नोटिस जारी की है। ज्ञातव्य है कि आवामी पिछड़ा पार्टी के प्रत्याशी इस्माइल अंसारी द्वारा प्रथम एवं द्वितीय लेखा मिलान में प्रतिभा न करने पर वाहन अनुमति सहित कई अन्य अनुमतियों को निरस्त करते हुए रिटर्निंग ऑफिसर ने 30 मई को तृतीय लेखा मिलान में समस्त व्ययों के साथ-साथ लेखा मिलान हेतु निर्देशित किया था। परंतु संबंधित प्रत्याशी द्वारा तृतीय लेखा मिलान में भी प्रतिभाग नहीं किया गया, और न ही अपना जवाब दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में तीन दिन के अंदर जवाब प्रस्तुत न करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 झ के अंतर्गत कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी बाल कृष्ण चौहान को भी तृतीय लेखा परीक्षण में अपना लेखा 48 घंटे के अंदर प्रस्तुत न करने तथा नोटिस का जवाब न देने पर सुसंगत नियमों के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अलावा एक अन्य प्रत्याशी वीरेंद्र, राष्ट्रीय जनतांत्रिक भारत विकास पार्टी को भी तृतीय लेखा मिलान के दौरान व्यय लेखा रजिस्टर में विसंगति पाए जाने पर नोटिस जारी करते हुए 48 घंटे के अंदर जवाब न मिलने पर सुसंगत नियमों के तहत निर्धारित कार्रवाई की चेतावनी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी गई।

### लोकसभा चुनाव में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की अहम भूमिका : डीएम

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में आज जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक स्वामी सहजानन्द पीजी कालेज के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने पदीय दायित्व को बहुत गम्भीरता एवं सजगता से लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया तथा छोटी से छोटी बात को भी गम्भीरता से लेने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी पार्टी के लिए पक्ष या विपक्ष में नहीं बोलना है न ही कोई कमेंट करना है। कौन जीत रहा है, कौन हार रहा है। सामने वाले को यह महसूस होना चाहिए कि आप निष्पक्ष कार्य कर रहे हैं। लॉ एवं आर्डर का पालन अवश्य करना/कराना है। इसके लिए आपको मजिस्ट्रेट का पावर दिया गया है। सभी अधिकारी अपने-अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर लें। यदि कहीं भी अनावश्यक समाग्री, मलवा है तो सम्बन्धित एआरओ को सूचित कर हटवाने का निर्देश दिया। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों के वीएलओ के नाम व मोबाइल नं0 अवश्य रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर उसका सदुपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि पूरे निर्वाचन की प्रक्रिया में सेक्टर मजिस्ट्रेट का महत्वपूर्ण कार्य होता है। कोई मतदान कार्मिक मतदान के दौरान बीमार पड़ता है, तो तत्काल उसकी सूचना एआरओ को देते हुए उसका उपचार कराया जाए। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए की वेवकास्टिंग वाले बूथों पर मतदान के दिन प्रातः 05 बजे से मतदान समाप्ति तक किसी भी दशा में कैमरा बंद न होने पाये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रकिया को सम्पादित करने हेतु निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो इस हेतु आप का पद सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। कोई ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे जिससे आपकी निष्पक्षता उजागर हो। भारत निर्वाचन आयोग के सभी आदेशों का शत- प्रतिशत पालन करते हुए कार्य करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के कार्य के विषय में जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी बुकलेट का अध्ययन अवश्यक कर लिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि0रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एआरओ सदर एवं जंगीपुर, डिप्टी कलेक्टर सालिक राम, परियोजना निदेशक राजेश यादव, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव : माननीय भी करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**गाजीपुर।** 75 -गाजीपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र का मतदान शनिवार एक जून को है। इस लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले माननीय भी अपना मतदान करेंगे। जिसमें कुछ खास लोगों का मतदान उनके पैतृक गांव में होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय अपने पैतृक निवास सैदपुर विधानसभा के पक्खनपुर मतदेय स्थल पर अपना मतदान करेंगे। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत अपने ससुराल के पैतृक गांव जमानिया में मतदान करेंगी। विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल अपने पैतृक गांव सैदपुर विधानसभा के तेतारपुर बूथ पर अपना वोट डालेंगे। साथ ही लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय अपने पैतृक गांव सिखड़ी बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने पैतृक गांव मोहनपुर में अपना मत डालेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण बिहारी राय अपने पैतृक गांव में अपना मत डालेंगे। इसी प्रकार समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार एवं वर्तमान बसपा सांसद अफजाल अंसारी अपने पैतृक गांव यूसुफपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पूर्व विधायक सिबगतुल्ला अंसारी एवं मुहम्मदाबाद विधानसभा के वर्तमान विधायक मन्नू अंसारी भी यूसुफपुर में अपना मत डालेंगे। सपा के वरिष्ठ नेता एवं जमानिया विधायक ओम प्रकाश सिंह अपने गांव सेवराई में मत डालेंगे। इसके साथ ही गाजीपुर सदर विधायक जैयकिशुन शाहू दुल्लहपुर जलालाबाद में वोट डालेंगे। पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह सैदपुर के करमपुर में अपना मत डालेंगे। पूर्व मंत्री विजय मिश्रा शहर के टेढ़ी बाजार में मतदान करेंगे।जंगीपुर विधायक वीरेंद्र यादव सदर ब्लाक के जैदपुरा में मत डालेंगे, पूर्व विधायक अमिताभ अली दुबे शहर के बूथ पर अपना वोट डालेंगे।

## गर्मी का प्रकोप : नवीन मंडी परिसर में कर्मचारियों की हालत खराब होने पर मचा हड़ंकप

# बूथों पर रवाना होने से पहले ही 22 कार्मिकों की हालत बिगड़ी

**केटी न्यूज/चंदौली**

जनपद में बढ़े तापमान के कारण चुनावी ड्यूटी करने आए कर्मचारियों की हालत शुक्रवार को मुख्यालय के नवीन मंडी परिसर में पोलिंग पार्टी के रवाना होने से पहले ही बिगड़ गई। कर्मचारियों की हालत खराब होने पर हड़ंकप मच गया,लेकिन जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूंडे ने हालत बिगड़ने वाले कर्मचारियों को हाल जाना और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। इसमें 19 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं तीन की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने वाराणसी रेफर कर दिया।



सातवें चरण का मतदान शनिवार को एक जून को जनपद में होगा। इसके लिए नवीन मंडी परिसर में चुनावी ड्यूटी करने आए कर्मचारियों को मतदान केंद्र के लिए रवाना होना था, लेकिन भीषण गर्मी होने के कारण 22 लोगों की हालत बिगड़ गई। इसके बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया, लेकिन जिलाधिकारी ने सभी कर्मचारियों को उपचार के लिए पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां 19 कर्मचारियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं तीन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने वाराणसी रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों में बिजनौर के देवेंद्र 31, बिहार के सुबोध 38, गया के योगेंद्र 50, चकिया के राजेश तिवारी 61, रोहनिया के जावेद खान 47, पहाड़िया के सुशील कुमार 35, बिजनौर के वीरेंद्र शाक्य 60, मऊ के राज नारायण 58, वाराणसी के अविनाश 42, जौनपुर के रिजवान 38, मऊ के रामनारायन 58,चंदौली कैलाशपुरी के अनीता 40, अपर्णा तिवारी 45, गाजीपुर की सावित्री 55, झांसी की बाला बिंद 55,चंदौली के सराहु 62, मुगलसराय के मनीष 41, चंदौली महादेव प्रसाद, शिवपुर के अश्वनी 59 वर्ष शामिल है। वही चंदौली के सोनइडीह कौशल तिवारी 45, रवि नगर के इंद्रजीत 38 और वाराणसी के शिवकुमार दुबे 40 वर्ष को वाराणसी रेफर कर दिया गया।चिकित्सक डा. संजय कुमार ने कहा कि 19 कर्मचारियों का इलाज चल रहा है और तीन को वाराणसी रेफर कर दिया गया है।

# पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को सकुशल व निर्विध्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थले का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर कार्यो से अवगत होते हुए मतदान सामाग्री वितरण प्रणाली की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आज 373-जखनियां (अजा) हेतु, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), 374-सैदपुर (अजा) के लिए पीजी कालेज गोराबाजार, 375-गाजीपुर, न्यू स्टेडियम ग्राउंड (आरटीआई), 376- जंगीपुर हेतु न्यू स्टेडियम ग्राउंड (आरटीआई), 377-जहूराबाद हेतु , स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, 378-मोहम्मदाबाद हेतु, रामलीला मैदान, लंका, एवं` 379-जमानियां हेतु, राजकीय पालिटेक्निक कालेज` का स्थलीय निरीक्षण किया।

01 जून को सातवे एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। मतदान प्रातः 07 बजे से सायं 06 बजे तक होगा। इस हेतु आज जनपद के विभिन्न स्थानों से विधान सभावार पोलिंग पार्टियो की रवानगी हो रही है। पूर्वान्ह 10 बजे तक लगभग 50 प्रतिशत पीठासीन अपनी-अपनी मतदान समाग्रियो प्राप्त कर अपना हस्ताक्षण कर चुके है। उन्होने बताया कि मतदान कराये जाने हेतु लगभग 12900 मतदान कार्मिको को लगाया गया साथ ही रिजर्व कार्मिको को भी रखा गया है। सुरक्षा के दृष्टिगत पैरामिलिट्री व अन्य जिलो से आयी हुई स्टेट पुलिस की तैनाती की गयी है जिनकी ड्यूटी रवानगी स्थल पर ही चस्पा है वही से अपने-अपने टीम के साथ ड्यूटी स्थलो पर प्रस्थान करेगे। सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर /जोन से सम्बन्धित पोलिंग पार्टियां की रवानगी करायेगें। सभी क्रिटिकल बूथो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम है 1472 ऐसे बूथ है जहां वेबकाटिंग कराया जायेगा, इन बूथो पर मतदान निर्वाचन आयोग की निगरानी होगा। उन्होने बताया कि मौसम बेहद गर्म है इस हेतु डिस्पैच सेंटरों पर पेयजल एवं ओआरएस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा गर्मी से बचाव के लिए कार्मिकों प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षित भी किया गया है रवानगी स्थलो पर मेडिकल टीम भी एक्टिव मोड पर है।

## वाराणसी सहित चंदौली, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज (सोनभद्र), घोसी (मऊ), और सलेमपुर में आज मतदान

# महापर्व : बूथों पर रवाना हुई पोलिंग पार्टियां कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम चरण के वोट देंगे लोग

- 19,97,577 वोटर करेगें मोदी के भाग्य का फैसला
- गमछा, टोपी और दुपट्टे का सहारा लेकर कर्मचारी धूप से बचते दिखे

**केटी न्यूज/वाराणसी**

लोकसभा चुनाव को लेकर वाराणसी सहित चंदौली, मिजार्पुर, रॉबर्ट्सगंज (सोनभद्र), घोसी (मऊ), और सलेमपुर में तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। शुक्रवार को इन जिलों के लिए सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने कार्यस्थल को रवाना हो गईं। सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने मतदाता कार्यस्थल और बूथों का निरीक्षण भी कर लिया। शनिवार की सुबह छह बजे से मतदान प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी। पोलिंग पार्टियां भीषण गर्मी और तपन वाली धूप के बीच पसीना पोछते दिखे। कई महिलाकर्मी अपने बच्चे के साथ भी आई हुईं थी। लिस्ट की मिलान के बाद सभी कर्मचारी अपने-अपने बूथों के लिए रवाना हो जाएंगे। मतदान स्थल पर कई महिला कर्मचारी अपने बच्चे के साथ पहुंची। भीषण गर्मी वे पंखे की हवा से राहत पाने की कोशिश की रही थीं। मतदान स्थल पर कर्मचारियों ने लिस्ट में अपना-अपना नाम खोजा। नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों से भी पूछताछ की गई। धूप और भीषण गर्मी में पसीना पोछते मतदान स्थल पर पहुंचे कर्मचारी। महिला कर्मियों की भी रही उपस्थिति। गमछा, टोपी और दुपट्टे का सहारा लेकर कर्मचारी धूप से बचते दिखे। स्थलों पर कूलर आदि की भी व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन के लोग काफी सजग रहे। सभी कर्मियों की जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। मतदान केंद्रों पर धूप से बचने के लिए कर्मचारी छांव देखकर वहीं ठहर जा रहे थे। बुजुर्ग कर्मियों के साथ युवा भी दिखे। मतदान के लिए जिन लोगों की ड्यूटी पहली बार लगी थी, वे सीनियर से सलाह ले रहे थे।







## 820 मॉर्डन बूथ रिकार्ड मतदान कराने के लिए घर-घर जाएगी बुलावा टोली

**केटी न्यूज/वाराणसी**

वाराणसी में एक जून को होने वाले मतदान के लिए जिले में 820 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इनमें नगर निगम ने 12 और वीडीए ने 10 बूथ बनाया है। इनके अलावा अन्य विभाग भी मॉडल बूथ तैयार कर रहे हैं। इन बूथ के एंट्री पॉइंट पर भव्य गेट बनेगा। मतदान स्थल पर सेल्फी पॉइंट, पीने के लिए पानी का मटका, डस्टबिन, नींबू-पानी आदि व्यवस्थाएं होंगी। वाराणसी में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बुलावा टोली गठित की गई है। हर टोली में 10 लोग रहेंगे। एक टोली बनायी गई है जो क्षेत्रवार घूम-घूम कर लोगों को मतदान करने के लिए बुलाएगा। लोगों को बताया जा रहा कि आप लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने राष्ट्र धर्म को निभाएं। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि वाराणसी में इस बार कुल 19,97,577 वोटर हैं। जिसमें महिलाओं की संख्या 9,13,692 है और पुरुषों की 10,83,750 है। वहीं फर्स्ट टाइम वोटर 37,226 है। शहर में कुल मतदेय स्थल 1909 और मतदान केंद्रों की संख्या 660 है। चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए 127 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 18 जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। शहर में इस बार 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाता की संख्या 67 है।

### मॉडल मतदान केंद्रों पर होगी बेहतर व्यवस्था




लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 26 माध्यमिक और 120 बेसिक स्कूलों को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में चुना गया है। मॉडल मतदान केंद्रों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। मॉडल मतदान केंद्रों पर टेंट लगाने के साथ ही बिजली लाइन, पंखा, बल्ब आदि को चेक कर दुरुस्त किया गया। मॉडल मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए खास इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है।

### नगर आयुक्त ने किया वृहद पोलिंग बूथों का निरीक्षण

नगर आयुक्त ने नगर निगम के द्वारा बूथों पर एएमएफ के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। प्रॉपर टेंट की व्यवस्था, कुर्सी टेबल की व्यवस्था कलर एवं पंखे की व्यवस्था प्रॉपर रैंप बने हुए हैं कि नहीं लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था हेतु कैम्फर लगाए जाने शौचालय की समय.समय पर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए गए।

**नगर निगम मॉडल बूथ के बाहर बिछाएगा रेड कार्पेट**

नगर निगम के द्वारा बारह बूथों को माडल बूथ बनाया जा रहा है, जहां पर मुख्य रूप से सभी सुविधायें उपलब्ध होंगी, जिसमें धूप से बचाव के लिए शेड बनाया गया है, रेड कार्पेट बिछाया जा रहा है। आकर्षक गेट लगाया गया है।

## एक जून को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**केटी न्यूज/ सोनभद्र**

सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर 1 जून को मतदान होना है। मतदान के लिए सोनभद्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लोढ़ी से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। इस दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लोढ़ी में बनाए गए शिविर से मतदान कार्मिकों को मतदान सामग्री इत्यादि प्रदान की गई। जिसे लेकर वह मतदान केंद्रों की तरफ रवाना हो रहे है। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह भी मौजूद रहे। जिन्होंने पोलिंग पार्टियों के रवाना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि पूरे जिले में 17 लाख से भी अधिक मतदाता हैं। जिनके लिए 1514 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी के लिए केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों रवाना की जा रही हैं। सभी को मतदान सामग्री प्रदान की गई है। इसके अलावा छाया और पानी का इंतजाम किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उन्हें सामग्री और दवाइयां प्रदान की गई हैं। जिससे मतदान कार्मिकों को सुविधा रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि दुद्धी विधानसभा के लिए उपचुनाव भी होना है। इसके लिए मतदान कार्यक्रम को अलग से सामग्री प्रदान की जा रही है।



## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र के अनपरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो सुरक्षाकर्मियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों एक ही कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थे। दोनों अलग अलग स्थानों पर तैनात थे। प्रथम पाली की ड्यूटी करने के पश्चात घर जाने के लिए निकले थे। तभी रास्ते में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ऊर्जा ताप निजी कंपनी में तैनात जयराम यादव पुत्र इंद्रदेव यादव अनपरा डिबुलगंज में किराये के मकान में रहते थे। अनपरा क्षेत्र की एक निजी कंपनी में सुरक्षाकर्मी के पथ पर तैनात थे। बताया जा रहा ड्यूटी से घर अपने कमरे पर जाने के दौरान वह गश्त खाकर गिरने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ड्यूटी कर अपने घर जा रहा था। कमरे के पास डिबुलगंज में दूकान के समीप लगे हैंडपंप से पानी पीकर बंद दुकान के सामने धूप से बचने के लिए रुका और गिर पड़ा। जब स्थानीय लोगों ने देखा तो सोचा नशे में हो सकता है। घंटों बाद भी नहीं उठा तो लोग उठाने गए। इस दौरान देखा तो उसका शरीर अकड़ गया था।

### मतदान को लेकर आज बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए प्रशासन ने किया बदलाव

**वाराणसी ।** वाराणसी में लोकसभा चुनाव की तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई हैं। आमजन की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कई तरह के बदलाव भी किए गए है। इस बीच काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की ओर से बाबा के दर्शन को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किया गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, लोकसभा चुनाव के अंतर्गत शनिवार को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम स्थित गेट नंबर एक (ढूंढीराज गणेश) एवं गेट नंबर दो (सरस्वती द्वार) पर मतदान बूथ होने के कारण प्रवेश बंद रहेगा। बताया गया है कि उपरोक्त के दृष्टिगत मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने हेतु गेट नंबर चार का प्रयोग किया जाए।

### दीपदान कर मतदान की अपील, लोगों को वोट देने की दिलाई शपथ

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के नारायणपुर विकास खंड में घाट किनारे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। वहीं लोगों से वोट डालने की अपील की गई। साहित्य संत घाट किला के पास गंगा तट पर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने की अपील की गई। दीप दान कर मतदाता करने के लिए जागरूक किया। खंड विकास अधिकारी ने लोगों से कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। हम सभी को इसमें हिस्सा लेना चाहिए। लोगों को वोट देने की शपथ दिलाई। समूह की महिलाओं, ग्राम रोजगार सेवक एवं कार्यालय स्टाफ आदि ने गंगा तट पर दीपदान कर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समूह की महिलाओं को उपस्थित लोगों ने स्लोगन के माध्यम से कहा कि सारे काम छोड़ दो पहले वोट दो। इस दौरान श्यामु यादव लेखाकर, पंकज वर्मा, बिरजू, सुरेंद्र, आशीष, चंदन, शिवानंद, छोटे लाल, बाबू नंदन सिंह, रामप्रताप सिंह, जुगनू संतोष, संतोष राम आदि मौजूद रहे।

### दामाद ने सोते समय रेता ससुर का गला, मौत

**आजमगढ़ ।** आजमगढ़ के बरदह थाना क्षेत्र के उदियावां गांव में एक दामाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर ससुर की गला काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उदियावां गांव निवासी उदयराज राजभर (55) बीती रात में अपने नाती के साथ सो रहे थे। रात लगभग 11.30 बजे उनका दामाद महेंद्र राजभर भुईली की तरफ से आया। उसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर पहले उनका मुंह दबाया फिर गला रेत दिया। बगल में सो रहे नाती पर जब खून के छींटे पड़े तो उसकी नींद खुल गई और वह शोर मचाते हुए घर के अंदर भागा। उसने कहा कि मौसा ने नाना को मार दिया। तभी हत्यारे भुईली गांव की तरफ भाग लिए। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुबह उदयराज के भाई धर्मराज ने दामाद महेंद्र ग्राम कोहडे. थाना पवई के खिलाफ तहरीर बरदह थाना में दिया। अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस छानबीन में लगी है।

### करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत

**सोनभद्र।** अमवार चौकी क्षेत्र के गोहड़ा गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई। बोर्ड से चार्जर निकालते समय वह करंट की चपेट में आई। अमवार चौकी इंचार्ज मनोज सिंह ने बताया कि सुनीता कुमारी (13) पुत्री प्रेम निवासी गोहड़ा अपने घर में बुधवार की देर रात करीब 9 बजे बिजली के बोर्ड से चार्जर निकालने गई थी। बोर्ड में नंगा तार होने की वजह से वह करंट की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। घटना से घरवालों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हलाला के नाम पर मुस्लिम महिला का दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**केटी न्यूज/जौनपुर**

नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के उमर खां बड़ी मस्जिद एक व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी को तीन बार तलाक दिया फिर अपने भाई से हलाला के नाम पर दुष्कर्म करवाया। केंद्र सरकार भले ही मुस्लिम महिलाओं के लिए कानून बना दिया है। लेकिन अभी भी मुस्लिम समाज के कुछ लोग महिलाओं का शोषण वह उनका उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ऐसी ही एक घटना नगर के मोहल्ला उमर खां बड़ी मस्जिद के पास की प्रकाश में आई है। जिसमें शहर कोतवाल मिथिलेश कुमार मिश्रा का रवैया सख्त होते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र नूरपुर गांव की रहने वाली की पुत्री की शादी मुस्लिम रीति रिवाज से अबूहुरैरा उर्फ फैसल पुत्र रियासुद्दीन के साथ 24 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी में विदाई के समय उपहार स्वरूप सामान व नगदी दिया गया था। मायके से मिले हुए सामानों से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थें। सास चंदा नंद शमा जेठानी राबिया जेठ सद्दाम और देवरा मुसलीन व पति अबूहुरैरा द्वारा दहेज न मिलने पर उसे तीन बार तलाक तलाक तलाक कर-के तलाक दे दिया। इस बात पर आसपास व रिश्तेदारों के समझने के बाद भी ससुराल के लोग तरह-तरह से षड्यंत्र करके हलाला कराने दबाव बनाने लगें। इसी बीच ससुराल के लोगों ने साजिश करके देवर मुरस्लीन से मेरी इच्छा के विरूद्ध जबरदस्ती हलाला के नाम पर मेरा दुष्कर्म कराया।






### आईएफडब्लूज के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित, बोले वक्ता

## चुनौतियों को दरकिनार कर सिंह गर्जना की तरह चलती रहेगी कलम

- हिन्दी पत्रकारिता कल भी समृद्ध थी आज भी समृद्ध है और आगे भी समृद्ध रहेगी प्रौ डॉ. मनोज मिश्र

**केटी न्यूज/जौनपुर**

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन सम्बद्ध (आईएफडब्लूजे)के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पत्रकार भवन/सामुदायिक सभागार में 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हिंदी पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियां, विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक सेवा आयोग के सदस्य और बीएचयू के प्रोफेसर डॉ. आरएन त्रिपाठी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ मनोज मिश्र मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुटीर महाविद्यालय चक्के के पूर्व प्राचार्य प्रो डा रमेश मणि त्रिपाठी ने किया। संचालन यूनियन के अध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र ने किया उन्होंने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी मुख्य अतिथि प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मनोज मिश्रा को अंगवस्त्रम और प्रतीक चिन्ह संस्था की ओर से प्रदान करके सम्मानित किया गया। हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि पत्रकारों की कलम सिंह गर्जना की तरह चलती रहेगी तो कोई भी चुनौती सामने नहीं टिकेगी चुनौतियों का तापमान संवेदनशील पत्रकारिता का मुकाबला नहीं कर सकता संवेदनशील लेखनी ही हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है उन्होंने कहा कि जेहन में शीघ्र समाने वाले शब्द ही समाज में स्वीकार्य है। गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे पत्रकारों ने स्वाधीनता आंदोलन में अपना अमिट योगदान दिया और समाज में अपने युग धर्म और अपनी जीवंतता साबित किया, भारत की आत्मा हिंदी में बसती है। यह ध्रुव सत्य है।




विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वालों में अधिकांश पत्रकार थे उन्होंने अपनी सार्थकता और जीवंतता साबित किया हिंदी पत्रकारिता के समक्ष पहले भी चुनौती थी और आज भी चुनौती हैं और आगे भी रहेंगी इससे घबराना नहीं है। हम पहले भी समृद्ध थे आज भी हैं आगे भी रहेंगे हिंदी पत्रकारिता का कोई विकल्प नहीं है। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व प्राचार्य प्रो डां रमेश मणि त्रिपाठी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि लगभग 200 साल बाद भी देश के पहले समाचार पत्र उदंत मार्तंड और पंडित जुगुल किशोर शुक्ला की चर्चा परिचर्चा के साथ 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाना यह साबित करता है कि हिंदी पत्रकारिता के सामने कोई चुनौती नहीं टिकेगी भविष्य उज्जवल है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में लड़ने से निखार आता है। हिंदी पढ़ने वाले पूरी दुनिया में है।

समारोह को यूनियन के उपाध्यक्ष संपादक आदर्श कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जुगुल किशोर शुक्ल ने उदंत मार्तंड के माध्यम से जो अलख हिंदी पत्रकारिता की जलाई वह 198 वर्ष बाद भी जाज्वल्यमान है। चुनौतियां ही आगे बढ़ाने में प्रेरणा देती हैं यही हमारा संबल है।

